nt>

11.47 hrs.

INTERIM BUDGET(GENERAL)-2004-2005

DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT (GENERAL) 2004-2005

AND

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL)2003-2004

Title: Combined discussion on the Interim Budget (General), Demands for Grants on Account (General) for the year 2004-2005 and the Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2003-2004.

MR. SPEAKER: Hon. Members, as per decision taken in the meeting of the Business Advisory Committee on 29th January, 2004, six hours have been allotted for the combined discussion on the Interim Budget (General) for year 2004-05, Demands for Grants on Account (General) for the year 2004-05, Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2003-04, and related Appropriation Bills. If the House agrees, there may be no lunch break. The combined discussion may commence immediately and be concluded by 6 p.m. today. The Minister of Finance may reply after that. After passing of the Demands for Grants on Account and the Supplementary Demands, the related Appropriation Bills may be passed. Thereafter the Finance Bill, 2004, may be taken up and passed.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Speaker, Sir, we agree for the suspension of the lunch hour. But it is literally a Budget not merely a mini-budget or Interim Budget. A lot of cut motions are there. Therefore, I request you not to restrict it up to 6 o'clock. It may go beyond that. Tomorrow, is the last day of the House and today is the only day when the Opposition can contribute in the Budget as they like. Therefore, please do not restrict it up to 6 o'clock. It may go little beyond that also.

MR. SPEAKER: If it goes a little beyond, it will be permitted.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL (LATUR): There is Interim Budget, Excess Budget, Supplementary Budget, and Appropriation Bills also.

MR. SPEAKER: It may take a little more time.

The House will now take up together General Discussion on Interim Budget (General) for 2004-05, discussion and voting on the Demands for Grants on Account (General) for the year 2004-05, and discussion and voting on Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2003-04. Hon. Members present in the House whose cut motions to the Demands for Grants on Account have been circulated may, if they desire to move their cut motions, send slips to the Table within 15 minutes indicating both the name of the Ministry and the serial numbers of the cut motions they would like to move. Only those cut motions will be treated as moved.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, we, the Members who are given the opportunity to speak towards the end should not be given two minutes to speak. Time should be rationed from the very beginning because the proceedings are being televised. So, you should show sympathy to those Members who would be speaking later.

MR. SPEAKER: Motions moved:

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, on account, for or towards defraying the charges during the year ending on the 31st day of March, 2005 in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 33, 35, 36, 38 to 62, 64 to 70, 72, 73 and 75 to 103."

MR. SPEAKER: Motion moved:

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, of certain further sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day

of March, 2004 in respect of the heads of demands entered in the second column thereof, against Demand Nos. 1, 4, 5, 6, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 19, 24, 27, 28, 29, 31, 33, 38, 40, 43, 45, 46, 47, 48, 51, 52, 53, 54, 55, 57, 59, 60, 62, 66, 67, 68, 70, 72, 73, 76, 77, 79, 80, 82, 83, 84, 87, 89, 90, 93, 94, 95, 97, 98, 99, 101, 102 and 103."

श्रीमती सोनिया गांधी (अमेठी) : अध्यक्ष महोदय, यह 13वीं लोक सभा की आखिरी चर्चा है। सरकार ने जिस तरह से यह सत्र बुलाया है उससे मैं समझती हूं कि सभी संवैधानिक मूल्यों और संसदीय परम्पराओं का उल्लंघन हुआ है। इस सत्र के शुरू होने के पहले ही जिस तरह सरकार ने महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों का ऐलान कर दिया, उससे पिछले साल इसी सदन द्वारा पारित फिस्कल रिस्पांसिबिलिटी एंड बजट मैनेजमैन्ट एक्ट का मजाक ही बना है। सरकार ने जिस तरह अपने "फील गुड" यानी खुशफहमी वाले इश्तिहारों पर जनता की कमाई के सैकड़ों करोड़ रुपये फूंक दिये हैं, उसने सचमुच सबके मन को गहरा आघात पहुंचाया है। लेकिन कोई ऐसी सरकार से और उम्मीद भी क्या कर सकता है, जिसका सबसे बड़ा योगदान ही घोटालों का रहा हो, चाहे वह रक्षा संबंधी हो, पैट्रोल-पम्प संबंधी हो, डी.डी.ए. की जमीन अलाटमैन्ट, शेयर बाजार, यू.टी.आई., हुडको, तहलका का मामला रहा हो या जूदेव वीडियो टेप का मामला रहा हो।

इंटरिम बजट में डिफैन्स मॉडर्नाइजेशन फंड बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। सरकार को यह बात समझने में पांच साल लग गये, जिसे हम हमेशा से कह रहे हैं। डिफैन्स मॉडर्नाइजेशन के लिए रखा गया हजारों करोड़ रुपया खर्च ही नहीं किया गया। इससे क्या हुआ? इससे हमारी राट्रीय सुरक्षा को नुकसान हुआ और हमारे बहादुर जवानों की जान खतरे में पड़ी।

अध्यक्ष महोदय, सी.एंड ए.जी. तक ने इस मामले में सरकार की आलोचना की है। सी.एंड ए.जी. ने क्या कहा, सी. एंड ए.जी. ने कहा कि सरकार ने रक्षा सौदे करने में पारदर्शिता से काम नहीं किया। क्या यह देश कभी ताबूतों की खरीद में हुए घोटाले को भूल सकता है ? पिछला आम चुनाव कारगिल की लड़ाई की छाया में हुआ था। क्या मैं सदन को इसी सरकार की सुब्रह्मण्यम कमेटी की रिपोर्ट की याद दिला सकती हूं ? जिस पर पिछले चार साल से इस हाउस में कोई बहस नहीं होने दी गई। यह इस सरकार द्वारा राट्रीय सुरक्षा जैसे महान मामलों में संसद को पूरी तरह नजरअंदाज करने की एक बहुत बड़ी मिसाल है। इंटेरिम बजट में आर्थिक तरक्की के लम्बे-चौड़े दावे किये गये हैं, लेकिन फैक्ट्स तो अपने आप बोल रहे हैं। एक तो फाइनैन्स मिनिस्टर is taking the credit for declining interest rates but, I believe, this is a most cruel joke on crores of families who have seen the value of their savings fall very steeply.

पिछले पाँच सालों में आर्थिक तरक्की की रफ्तार लगातार धीमी हुई है और निवेश दर भी नीचे गिरी है। इस सरकार के शासन में खेती और उद्योगों में भी ग्रोथ रेट बहुत नीचे गिरा है और सरकार के दावों के एकदम विपरीत बेरोज़गारी तेज़ी से बढ़ी है। जहां कहीं भी मैं जाती हूँ, एक ही सबसे बड़ा मुद्दा पाती हूँ और वह है बेरोज़गारी। करोड़ों-करोड़ नौजवान लड़के-लड़कियाँ बहुत ही मनहूस भविय का सामना कर रहे हैं। .छोटे-छोटे और ग्रामीण उद्योगों पर बहुत बुरी मार पड़ी है। लाखों खादी कर्मचारियों का भविय अंधेरे में है और हम सब जानते हैं कि इनमें से ज़्यादातर समाज के कमज़ोर वर्गों के लोग हैं। देश के पिछड़े इलाकों को डैवलप करने के लिए और खासकर लाखों दलित आदिवासी भाई-बहनों को रोज़गार देने वाले पब्लिक सैक्टर को जान-बूझकर बरबाद किया जा रहा है। सरकारी क्षेत्र की कंपनियाँ चंद लोगों को कौड़ियों के मोल बेची जा रही हैं। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अंतरिम बजट में दूसरी हरित क्रांति की बात की जा रही है और शुक्र है कि इंदिरा जी की हरित क्रांति का श्रेय इन्होंने हड़पने की कोशिश नहीं की। चुनावों के चंद हफ्ते पहले सरकार की नींद खुली है और उसने दूसरी हरित क्रांति लाने का एलान कर दिया है। पिछले चार सालों से हममें से बहुत से लोग इसी सदन में और बाहर किसानों और खेत मज़दूरों की दुखद स्थिति के बारे में इस सरकार का ध्यान दिला रहे थे। सरकारी रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले पाँच सालों में सबसे ज़्यादा आत्महत्याएं किसानों ने की हैं। â€¦ (व्यवधान)अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने चीनी उद्योग को फिर अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए ज़ोर-शोर से घोाणाएँ की हैं, लेकिन मैं पूछना चाहती हूँ कि आप किसकी आँखों में धूल झोंकना चाहते हैं? हममें से बहुत से लोग देश भर में किसान परिवारों की बरबादी के भी गवाह हैं। आज गन्ना, धान, गेहूँ, आलू, कई फसलें उगाने वाले किसान कर्ज़ के बोझ में दबे हुए हैं। सब जानते हैं कि पिछले चार सालों में आप एक तो गन्ना किसानों को न उनका बकाया दिला पाए, न उन्हें मिनिमम सपोर्ट प्राइस दे पाए और न उनका गन्ना ही कारखानों को ठीक से बिकवा पाए। मैं आपके माध्यम से इस सरकार से जानना चाहूँगी कि किसानों को इस दुखद परिस्थिति से बचाने के लिए पिछले चार-पाँच सालों में क्यों नहीं ध्यान दिया गया?

अध्यक्ष महोदय, यह सरकार पूरे देश में शांति और संतोा का माहौल होने और ग्रॉस नैशनल कन्टैन्ट की बात कर रही थी। लेकिन जिस सरकार ने सामाजिक सद्भाव के माहौल को बुरी तरह नट कर दिया हो, उसके मुँह से ऐसी बातें शोभा नहीं देतीं।

12.00 hrs.

महोदय, जिस सरकार ने नफरत फैलाने वाले संगठनों की हर तरह से मदद की हो, उसके मुंह से ऐसी बात अच्छी नहीं लगती और जिस सरकार ने अपने संकीर्ण चुनावी मकसदों को पूरा करने के लिए समाज को बांटने में कोई कसर नहीं छोड़ी, उसके मुंह से ऐसी बातें एकदम खोखली लगती हैं। सामाजिक न्याय को तो इस सरकार के जमाने में सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। राट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के कार्यकाल में हुए अत्याचारों का सबसे ज्यादा निशाना दलित, आदिवासी, अक्लीयत और महिलाएं बनी हैं। जहां तक महिलाओं के सशक्तीकरण की बात है, इस सरकार की नीयत का इसी से पता चलता है कि हमारे पूरे समर्थन के बावजूद यह सरकार विमेन रिजर्वेशन बिल संसद में पास नहीं करा पाई।

महोदय, ऐसे में अन-आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम कर रहे मजदूर और कर्मचारियों की बात ही क्या की जाए, उनके बारे में क्या बात कही जाए। उनके दर्द की तो ऐसा लगता है कि इस सरकार को कोई परवाह नहीं है, क्योंकि हमारे समर्थन के बावजूद उनके हितों की रक्षा के लिए इस सरकार ने कोई कानून बनाने का प्रयास ही नहीं किया। इसके विपरीत कांग्रेस की कई राज्य सरकारों ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। हमारे देश में सबसे बड़ी मात्रा में रोजगार कृाि के अलावा हैन्डलूम सैक्टर में होता है और मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इस सरकार ने बुनकरों के कल्याण के लिए अंतरिम बजट में एक शब्द भी नहीं बोला।

महोदय, यह सरकार दावा कर रही है कि पिछले पांच सालों में हमारे देश ने कई क्षेत्रों में तेजी से छलांग लगाई है। बाकी छलांगों की बात तो छोड़ दीजिए, एक यही मिसाल काफी है कि हमारे देशवासियों को सचमुच अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सबसे बुनियादी जरूरत शिक्षा की है, लेकिन बड़े जोर-शोर से शुरू किया गया स र्व शिक्षा अभियान, पूरी तरह नाकामयाब हो गया है। शिक्षा का साम्प्रदायीकरण कर के नौजवानों के मासूम दिमागों में जहर भरा जा रहा है और यही नहीं पिछले कई दशकों में बड़ी मेहनत से खड़े किए गए उच्च शिक्षा के कई संस्थानों की औटोनौमी को जानबूझकर नट किया गया है।

महोदय, ऐसा नहीं है कि सिर्फ शिक्षा संस्थानों को ही बर्बाद किया गया है बल्कि, सी.ए.जी., सी.वी.सी., इलैक्शन कमीशन और ह्यूमन राइट्स कमीशन जैसी सां वैधानिक संस्थाओं को भी नहीं छोड़ा गया है। इस सरकार के वरिठ नेताओं, वरिठ मंत्रियों ने उन्हें नीचा दिखाने का काम किया है। इस हाउस में भी हुआ है और इन्वैस्टीगेटिंग एजेंसीज और कमीशन्स ऑफ इन्क्वायरी को जानबूझकर अपंग बनाया जा रहा है जबकि सी.बी.आई., अयोध्या के मामले में अपील तक दायर नहीं कर पाई और लिब्राहन आयोग से उसका जांच अधिकारी तक हटा लिया गया, तो और क्या कहा जाए .

अध्यक्ष महोदय, इस मौके पर, जब कि हम सब चुनाव के मैदान में जा रहे हैं, अपनी पार्टी के बारे में मैं इतना ही कहना चाहूंगी कि सकारात्मक विपक्ष के तौर पर निभाई गई अपनी भूमिका पर हमें गर्व है। मुझे पूरा भरोसा है कि विभिन्न कानूनों को बनाने में सरकार को हमारे समर्थन और योगदान को इतिहास सही निगाह से देखेगा। हमें एक ही अफसोस है और वह यह है कि कंसेंसस बनाने के मामले में सरकार ने अपनी तरफ से कभी ज्यादा कुछ नहीं किया, लेकिन इसके बावजूद हम कभी नहीं डिगे और राट्रीय हितों के मामले में हमेशा अपना सहयोग का हाथ बढ़ाया।

अध्यक्ष महोदय,यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वित्त मंत्री जी प्रधानमंत्री जी के लिए बहुत प्रशंसा के भाव से भरे हुए हैं। आखिकार प्रधानमंत्री जी आधी शताब्दी से भी ज्यादा समय पब्लिक लाइफ में रहे हैं। उन्हें देवानंद की मशहूर फिल्म असली-नकली जरूर याद होगी, लेकिन सच्चाई क्या है, वह यह है कि पिछले साढ़े चार साल में प्रधानमंत्री जी ज्यादातर महत्वपूर्ण मामलों पर हमेशा अपना रवैया बदलते रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, अटल जी बहुत से मुद्दों पर अटल रहते ही नहीं हैं - चाहे वह अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के भ्रटाचार का मामला हो, अयोध्या की बात हो, गुजरात का कत्लेआम हो, पाकिस्तान से रिश्तों की बात हो या जम्मू-कश्मीर की नीति की बात हो। प्रधानमंत्री जी के रूख में न तो स्पटता होती है और न ही अटलता। रही ि वत्त मंत्री जी की बात, मैं इतना ही कह सकती हूं कि काश, यह सरकार आज की तरह तब भी राजस्थान के प्रति उतनी ही उदार रहती, जब राजस्थान लगातार चार साल से सूखे का सामना कर रहा था।

अध्यक्ष महोदय, कुछ समय पहले प्रधानमंत्री जी ने चुनाव अभियान के सिलसिले में एक अपील की थी। मैं समझती हूं कि यह उनके दोतरफा रवैये का एक और मिसाल एवं नमूना है। वे एक तरफ संयम बरतने की अपील करते हैं और दूसरी तरफ उनके नजदीकी सहयोगी अतिवादी और हर मर्यादा को पार करने वाली भाा का इस्तेमाल करते हैं। मैं कहना चाहूंगी कि इसके विपरीत हम सभी ऐसा चुनाव अभियान चलाने के लिए वचनबद्ध हैं, जो मर्यादाओं का पालन करेगा और लोगों की असली चिन्ताओं को दर्शाएगा तथा भारतीय समाज की एकता को मजबूत करेगा।

CUT MOTIONS

SHRI G.M. BANATWALLA (PONNANI): I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION (PAGE 1) BE REDUCED BY RS. 100.

Need for economic measures for protection of coconut growers. (11)

Need for measures for protection of fishermen. (12)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION (PAGE 1) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to discuss the State of affairs of jute growers, J.C.I. and Jute Industry. (16)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF AGRO AND RURAL INDUSTIRES (PAGE 4) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to re-introduce the Minimum Export Price (MEP) for coir to save small scale sector. (1)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF CIVIL AVIATION (PAGE 9) BE REDUCED BY RS. 100.

Need for early commissioning of Ajmer Airport. (1)

Need to withdraw restrictions imposed on subsidy on Haj flights. (2)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF POSTS (PAGE 14) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to revise norms and increase the number of post offices and postal facilities in the Malappuram district of Kerala because of the difficulties of terrain as also increasing number of post offices outside Kerala. (1)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF TELECOMMUNICATIONS (PAGE 15) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to address the acute shortage of BSNL prepaid cards in Kerala. (4)

Need to remove the acute shortage of cables in Ponnani Parliamentary Constituency (Kerala circle). (5)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF DEFENCE (PAGE 19) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to upgrade defence preparedness for assuring continued National Security and utilising allotted funds with approved plan for Tenth Plan.(3)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (PAGE 30) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to pursuade Gulf countries such as UAE for providing greater facilities and conveniences in their Consulates in India for attestations of documents particularly of those seeking work in those countries. (1)

Need to make arrangements in Kerala to provide attestations of documents of the large number of those seeking work abroad. (2)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (PAGE 30) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to discuss the foreign policy. (3)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS (PAGE 31) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to withdraw 8% service tax on parallel colleges in the interest of middle class and poor students. (2)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS (PAGE 31) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to punish the culprits involved in U.T.I. Scam. (4)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF HEALTH (PAGE 46) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to expedite CBI investigation in the purchase of medicines in the Health Ministry. (1)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF AYURVEDA, YOGA & NATUROPATHY, UNANI, SIDDHA AND HOMEOPATHY (AYUSH) (PAGE 47) BE REDUCED BY RS. 100.

Need for greater boost to Unani System of Medicine. (2)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF HOME AFFAIRS (PAGE 51) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to withdraw POTA. (1)

Need to take up the matter with Maharashtra Government for implementation of Srikrishna Commission's Report. (5)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF HOME AFFAIRS (PAGE 51) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to make the functioning of CBI more transparent and effective. (6)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD POLICE (PAGE 53) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to give reservations to every minority for adequate representation in police, para military forces and intelligence agencies. (7)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF SECONDARY EDUCATION AND HIGHER EDUCATION (PAGE 57) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to withdraw Service Tax on parallel colleges in the interest of middle class and poor students. (2)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (PAGE 57) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to check unnecessary expenditure by government on advertisement in print media. (2)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD LAW AND JUSTICE (PAGE 62) BE REDUCED BY RS. 100.

Need for appropriate measures and legal framework to ensure disposal of civil and criminal cases within reasonable time schedule. (1)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD LAW AND JUSTICE (PAGE 62) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to bring the legislation on Lok Pal. (2)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (PAGE 67) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to provide reservation in services to every minority in proportion to its population. (1)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF PLANNING (PAGE 69) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to check avoidable expenditure by Government on advertisements in Print Media. (1)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT LABOUR (PAGE 85) BE REDUCED BY RS. 100.

Need for full implementation of 15-point programme for the welfare of minorities and also to expand the programme. (1)

SHRI G.M. BANATWALLA : I beg to move:

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF STATISTICS AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (PAGE 87) BE REDUCED BY RS. 100.

Need to increase funds under MPLADS (Member of Parliament Local Area Development Scheme). (1)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष जी, विपक्षी दल की नेत्री ने अभी जो भाषण यहां पर दिया है, बजट के साथ उसका कतिपय कोई सम्बन्ध नहीं था। उन्होंने राजनैतिक भाषण देकर बजट की बहस के स्तर को इतने नीचे स्तर पर ला दिया हैâ€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : प्लीज बैठिये। आपको उन्हें भी सुनना चाहिए। रामदास जी, प्लीज बैठिये। आप उनका भी भाषण सुनिये।

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष जी, अभी तो मैंने बजट पर भाषण शुरू ही नहीं किया कि ये खड़े हो गये। पता नहीं आगे क्या होगा।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप ऐसा भाषण करोगे तो आगे भी कुछ नहीं होगा।

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : सबसे पहले विपक्ष की नेत्री ने डिफेंस के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का इस समय जो नॉन लेप्सेबल बजट रखा गया है, उसका जिक्र किया और यह कहा कि इसके पहले ध्यान नहीं दिया गया। सुब्रहमण्यम कमेटी रिपोर्ट का उन्होंने जिक्र किया और कारगिल युद्ध का जिक्र किया और यह कहा कि हमारे जवान वहां मर रहे थे, उनके बारे में ध्यान नहीं गया। मैं विपक्ष की नेत्री से और उनकी पार्टी से यह पूछना चाहता हूं कि तीन साल तक जार्ज साहब को यहां बोलने नहीं दिया गया, डिफेंस पर यहां बहस नहीं होने दी गई, डिफेंस का कोई सवाल नहीं उठाने दिया गया।â€¦ (व्यवधान) जो पार्टी यहां परâ€¦ (व्यवधान) क्या दुनिया के इतिहास में कहीं ऐसा मिलता है कि जहां पर तीन साल तक जब भी डिफेंस मिनिस्टर खड़े हों तो वे वाक आउट करें, खड़े हों तो हल्ला-गुल्ला करें, खड़े हों तो यहां पर शोर मचा दिया जाये और फिर कहा जाये कि डिफेंस पर बहस नहीं हुई।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : तिवारी जी, उनको भी बोलने का अधिकार है, प्लीज बैठिये।

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा कोई शर्मनाक बात नहीं हो सकती कि तीन साल तक डिफेंस पर बहस न होने दी जाये।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : प्लीज बैठिये।

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : सबसे बड़े घोटाले करने वाले आप लोग हो।â€¦ (व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : इससे बड़ी बेशर्मी कोई नहीं हो सकती कि भ्रटाचार के आरोपी एक मंत्री को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया जाये, जबकि उनके ऊपर भ्रटाचार के आरोप हों। â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : हां, अभी बताता हूं।

अध्यक्ष महोदय : आप भी भाषण कर सकते हैं और बोल सकते हैं।

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अभी आपको बोलने का बहुत मौका मिलेगा।â€¦ (व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : ये कह रहे हैं कि तीन साल तक मंत्री को बोलने नहीं दिया गयाâ€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : मैं आपसे यह कहना चाहता था कि अपोजीशन को कहा गया कि किसी भी विाय पर बहस करो। हफ्ते में तीन-तीन दिन बहस होती थी तो क्यों नहीं सुब्रहमण्यम कमेटी के ऊपर इन्होंने बहस करने की मांग की? क्योंकि जार्ज साहब उसका जवाब देते, इसलिए इन्होंने डिफेंस के सब मामले निकाल दिये।â€¦ (व्यवधान)

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : हमने बार-बार मांग की, रिकार्ड इसका गवाह है, लेकिन एक बार भी सरकार इस पर चर्चा करने को तैयार नहीं हुई। दुनिया के किसी लोकतांत्रिक देश में ऐसा नहीं हुआ होगा कि इतना बड़ा सुरक्षा का मामला हो लेकिन सरकार उसके ऊपर बहस करने के लिए तैयार नहीं थी, यह इस सरकार की शर्मनाक स्थिति है। â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष जी, इन्होंने अपनी बात बोल दी। हमने सोनिया जी का भााण बड़ी शान्ति से सुना।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : सदन की कोई व्यवस्था होती है, आप सब जानते हैं कि जब विपक्ष की नेत्री का भााण शुरू था तो उन्हें बिल्कुल इण्टरप्ट नहीं किया गया। अब भी वही तरीका अपनाना चाहिए। मेरी सब से विनती है कि जो भााण जिस मैम्बर को चाहिए, वे कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं चल सकता है।

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : आपने क्या किया, आपने अटल जी के बारे में ये बातें बोली हैं।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं सदन के सभी सदस्यों को विनती करूंगा कि बहुत इम्पोर्टेंट डिस्कशन सदन में चल रहा है। यह डिस्कशन ठीक तरह से होना चाहिए। प्लीज इण्टरप्ट बिल्कुल मत कीजिए। उनका भााण सुनने और उनको जवाब देने के लिए मैं आपको फिर मौका दूंगा। जो सदस्य चाहते हैं, वे फिर बोल सकते हैं, लेकिन बीच-बीच में इण्टरप्ट करना व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। प्लीज बैठिये।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I would expect that nothing is recorded excepting the speech of Dr. Vijay Kumar Malhotra.

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, सोनिया जी ने बजट भााण के बजाए पहले इससे प्रारम्भ किया और फिर घोटालों के बारे में प्रारम्भ किया। कांग्रेस पार्टी पहले दिन से लेकर आज तक भ्रटाचार की पर्यायवाची है, यह उसका पर्याय बनी हुई है। परन्तु मैं सिर्फ दो बातें पूछना चाहता हूं कि उन्होंने बोफोर्स का जिक्र नहीं किया और सद्दाम से आपने पैसा क्यों लिया? सद्दाम से आप मित्रता करें, सद्दाम के साथ दोस्ती करें और दोस्ती करते हुएâ€¦ (व्यवधान)

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : कांग्रेस पार्टी के ऊपर 15 साल में सरकार बोफोर्स के आरोपों में कुछ नहीं कर पाई।â€¦ (व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : ये बोफोर्स के आरोप में कुछ नहीं कर पाये। â€¦ (व्यवधान)

आप कह रहे हैं कि बोफोर्स का जिक्र नहीं किया। â€¦ (व्यवधान)आप बोफोर्स का मामला लाइये और कोई सबूत दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : आप किसी से दोस्ती करें â€¦ (व्यवधान)आप किसी से मित्रता करें। â€¦ (व्यवधान)यह बहुत अच्छी बात है कि मित्रता होनी चाहिए। आप सब देशों से मित्रता करें लेकिन मित्रता के लिए पैसा लें या पैसा लेकर मित्रता करें â€¦ (व्यवधान)इससे ज्यादा क्या कोई दुखदायी बात हो सकती है, यह मैं उनसे पूछना चाहता हूं। जो आरोप पंजाब की उप मुख्यमंत्री ने â€¦ (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY (MIRYALGUDA): Mr. Speaker, Sir, I am on a point of order.

DR. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Sir, I am not yielding.

MR. SPEAKER: If he is on a point of order, you have to sit down for a minute. Let me listen to him.

Shri Jaipal Reddy, can you tell me under which rule are you raising your point of order?

SHRI S. JAIPAL REDDY : Sir, Dr. Vijay Kumar Malhotra has made an allegation against the Congress Party. In regard to funds from Iraq, he has made an unsubstantiated allegation. For making such an allegation, he should have given a notice and he should have given some token evidence. He has made a wild allegation and he has tried to draw inferences on the basis of a wild, unsubstantiated allegation. He has given no notice for that. Therefore, I request you to expunge all those remarks from the record.

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : सोनिया जी ने ये जो सारे आरोप लगाये थे, क्या वे सब पहले लिखकर दिये थे ?â€¦ (व्यवधान)उन्होंने जितने आरोपों का यहां जिक्र किया, क्या वे सब लिखकर दिये थे ? â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Dr. Vijay Kumar Malhotra, you need not have to reply to his point of order. You can go ahead with your speech.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : कृपयाआप बैठिये।

...(व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, पंजाब की उप मुख्यमंत्री श्रीमती भट्टल ने पंजाब के मुख्यमंत्री पर जो आरोप लगाये, करूणाकरन जी ने एंटनी जी पर जो आरोप लगाये, जोगी जी पर जो आरोप लगाये गये और यहां इनके अपने ही आदमी वघेला साहब अमर सिंह जी चौधरी पर जो आरोप लगा रहे हैं, उनके बारे में इनका क्या कहना है ? इनकी अपनी पार्टी के प्रमुख लोग अपने ही मुख्यमंत्रियों पर आरोप लगा रहे हैं, उन घोटालों के बारे में इनका क्या कहना है ? उसका कोई उल्लेख इन्होंने नहीं किया है। â€¦ (व्यवधान)अभी मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ जब उन्होंने कहा कि सारे बजट में â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: If you disturb him like this, there will be no proper discussion in the House. Please do not disturb him.

...(*Interruptions*)

लघु उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री तपन सिकदर) :

जब आपकी लीडर बोल रही थीं तब क्या आप लोगों ने उन्हें डिस्टर्ब किया था ? â€¦ (व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : अध्यक्ष महोदय, यहां पर स्टेट सब्जैक्ट्स लेने का क्या तुक है ? â€¦ (व्यवधान) अगर हिम्मत हो तो पंजाब के मुख्यमंत्री â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : मैंवही बता रहा हूं। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अभीइन्होंने यहां अनआर्गनाइज्ड सैक्टर के बारे में जिक्र किया। 50 साल तक झल्ली वाले, रेहड़ी वाले, पटरी वाले, रिक्शा चलाने वाले और खेतिहर मजदूरों के बारे में कांग्रेस पार्टी या दूसरी पार्टियों ने कोई योजना नहीं बनाई। इस बजट के अंदर â€¦ (व्यवधान)

श्रीमती रेणुका चौधरी (खम्माम) : अध्यक्ष महोदय, इनको देश का इतिहास पता नहीं है। â€¦ (व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : अगर कांग्रेस ने कुछ नहीं किया होता तो ये दिल्ली में पराजित न होते। â€¦ (व्यवधान)

श्रीमती रेणुका चौधरी : आपको इतिहास मालूम नहीं है। भाखड़ा नंगल किसने बनाया ? क्या उसे आपने बनाया ? â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Dr. Vijay Kumar Malhotra, you can go ahead. Only your speech is going on record. You can go ahead.

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, पहली बार उनको 500 रुपये की फैमिली पेंशन थ्रू आउट देने की बात कही गयी। 1 लाख 35 हजार रुपये का दुर्घटना बीमा और 30 हजार रुपये का सुरक्षा बीमा माननीय जसवंत सिंह ने अनआर्गनाइज्ड सैक्टर वालों के लिए पहली बार रखा है। पिछले 50 साल तक इन्होंने कोई काम नहीं किया।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप भााण कीजिए और उत्तर भी दीजिए - इसकी क्या जरूरत है।

...(व्यवधान)

श्रीमती रेणुका चौधरी : यह सब्जी नहीं है। I cannot allow you to go on record like this. ये फैक्ट्स को डिस्टॉर्ट कर रहे हैं।...(व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अभी यह सवाल उठाया गया। â€¦ (व्यवधान)अभी किसानों की दुर्दशा का जिक्र किया गया। यह जिक्र किया गया कि किसानों ने आत्महत्या की। किसानों ने कर्नाटक में आत्महत्या की जहां कांग्रेस का शासन था, किसानों ने महाराट्र में आत्महत्या की जहां कांग्रेस का शासन था, किसानों ने वहां आत्महत्या की जहां कांग्रेस की सरकारें थीं।â€¦ (व्यवधान)

श्री सुन्दर लाल तिवारी : किसानों ने पंजाब में भी आत्महत्या की।â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : पंजाब में भी आपकी ही सरकार थी।â€¦ (व्यवधान)

साढ़े तीन करोड़ किसानों को क्रैडिट कार्ड देकर साठ हजार करोड़ रुपये का कर्जा दिया गया। क्या आपने एक भी किसान को क्रैडिट कार्ड दिया था? एक किसान को क्रैडिट कार्ड नहीं दिया। श्री जसवंत सिंह ने कहा है कि 31 मार्च तक हिन्दुस्तान के हर किसान को क्रैडिट कार्ड दिया जाएगा और उनको एक करोड़ रुपये का कर्जा दिया जाए। कांग्रेस के जमाने में, सोनिया जी को जवाब देना है, 18 प्रतिशत पर किसानों को कर्जा मिलता था और यहां 9 प्रतिशत पर कर्जा दे रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)

श्रीमती रेणुका चौधरी : आप क्या बात कर रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)

श्री सुन्दर लाल तिवारी : यह पूछिए कि ब्याज कितना लिया जा रहा है।â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : आप इनको बिठाइए। ये बोलने नहीं दे रही हैं। अगर ऐसा होगा तो हम भी किसी कांग्रेस के माननीय सदस्य को नहीं बोलने देंगे। यह कौन सा तरीका है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा है।â€¦ (व्यवधान)

श्रीमती रेणुका चौधरी : आप जोर-जोर से बोल रहे हैं, यह भी कोई तरीका है।â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : हम ठीक बोल रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मल्होत्रा जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : कल जसवंत सिंह जी ने डायरैक्शन दी है कि ब्याज 9 प्रतिशत से भी कम किया जाए। कांग्रेस 18 प्रतिशत पर कर्जा दे, हम 9 प्रतिशत से भी कम करके 7 प्रतिशत पर लाएं फिर भी यह कहा जाए कि किसानों की बड़ी दुर्दशा हो रही है, बड़ा अन्याय हो रहा है।â€¦(व्यवधान)यह भी कहा गया कि बुनकरों के लिए कुछ नहीं किया गया। एक करोड़ 25 लाख बुनकरों को भी इसी क्रैडिट कार्ड सिस्टम में लाया गया है।â€¦(व्यवधान)उनको भी यही कर्जा दिया जा रहा है।â€¦(व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया (झाबुआ) : आपपांच साल तक क्या करते रहे। चुनाव सामने हैं, इसलिए राजनीति करने की बात की जा रही है।â€¦(व्यवधान)यह देश को गुमराह करने की बात है।â€¦(व्यवधान)

श्री सुन्दर लाल तिवारी : यह किसान क्रैडिट कार्ड नहीं भाजपा कमीशन कार्ड है।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप भााण में क्यों नहीं बोलते। आपको बोलने का मौका मिलेगा। ऐसा सदन में नहीं चल सकता। जरा ध्यान से सुनिए। यदि दोनों बाजू से बोलना शुरू हो जाएगा तो सदन का काम नहीं चल सकेगा। आपको मौका मिलेगा, आप सरकार की आलोचना कर सकते हैं। आपको पूरा अधिकार है। आप अपना भााण करते समय जो कुछ कहना चाहें, कहें। जब लीडर ऑफ दी आपोजीशन का भााण हो रहा था तो किसी ने भी डिस्टर्ब नहीं किया। आप भी इनको डिस्टर्ब नहीं कर सकते। अपने भााण में कहें। ऐसे कहने का कोई तरीका नहीं है। Do not make me strict.

...(व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : इन्होंने 40-50 साल तक देश को कर्जदार बनाए रखा, देश के ऊपर करोड़ों रुपये का कर्जा लाद दिया। दुनिया में ऐसा कोई मुल्क नहीं है जिससे हिन्दुस्तान कर्जा नहीं लेता था। पैरिस एड क्लब की मीटिंग होती थी तो फाइनैंस मिनिस्टर की जान सूख जाती थी कि पता नहीं वहां क्या घोाणा होगी, कर्जा लाएंगे और फिर कैसे अदा करेंगे। देश को कर्जे से लाद रखा था। जसवंत सिंह जी ने तीन-चार दिन पहले कनाडा का 2020 तक का सारा कर्जा वापिस कर दिया। कनाडा वाले पूछ रहे हैं कि कर्जा वापिस क्यों कर रहे हैं, कर्जा 2020 तक के लिए है। हम कर्जा वापिस कर रहे हैं - पन्द्रह हजार करोड़ रुपये का कर्जा। क्या यह छोटी बात है कि आईएमएफ, जिससे हम हर साल कर्जे की भीख मांगते थे, उस आईएमएफ को भी सौ करोड़ रुपये का कर्जा भारत ने दिया है।

भारत ने 15 मुल्कों को कर्जा दिया है और इन्होंने देश को कर्जदार बना रखा था। हमने देश को साहूकार बनाया। हम दुनिया को कर्जा दे रहे हैं। पहले दुनियाभर से अनाज हिन्दुस्तान में आता था और आज कह रहे हैं कि किसान की दुर्दशा है। किसान ने इतना अनाज पैदा किया है। ये सारी दुनिया से अनाज मंगाते थे। अनाज 1997 तक देश में आ रहा था। अमरीका से अनाज आता था, शर्तें लगतीं थीं कि डीवैल्युएशन करो नहीं तो अनाज नहीं देंगे। मैक्सिको, आस्ट्रेलिया और कैनेडा से अनाज आता था। लम्बी-लम्बी लाइनें लगतीं थीं और आज तीस मुल्कों को हम अनाज बेच रहे हैं। तीस मुल्क हमसे अनाज खरीद रहे हैं।â€¦(व्यवधान)हम अनाज का निर्यात कर रहे हैं। यह इस बजट में लिखा गया है।â€¦(व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : क्या आज अनाज नहीं आ रहा है ?â€¦(व्यवधान)आज भी आयात हो रहा है। माननीय सदस्य सरासर असत्य बोल रहे हैं। â€¦(व्यवधान)

श्रीमती रेणूका चौधरी : क्या बात कर रहे हैं? आप हमें दुश्मनों की चीनी खिलाएंगे? â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : रेणूका जी, आप यहां बैठने के लिए क्यों आई हैं ?

â€¦(व्यवधान)

श्रीमती रेणूका चौधरी : रेणूका का हर जगह अवतार होता है।â€¦(व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : कांग्रेस के लोग वह जमाना भूल गये। बजट का जिक्र कल किया था। वित्त मंत्री जी ने जिक्र किया था कि हमारा फॉरेन एक्सचेंज सौ बिलियन डॉलर से ऊपर चला गया। कहां यहां पर एक टाइम था जबâ€¦(व्यवधान)

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : फॉरेन एक्सचेंज किसका है, यह भी बता दें।â€¦(व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष जी, इनका रयह बीच में बोलना आप बंद कराइए।â€¦(व्यवधान)यदि आप कह दें तो मैं बैठ जाऊं ? अगर इनको हर सैकेंड में बीच में बोलना है तो क्या मैं बैठ जाऊं ?â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please stop now.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

श्री कीर्ति झा आज़ाद (दरभंगा) :अध्यक्ष महोदय, फिर इनको भी बोलने नहीं दिया जाएगा। अगर ये ऐसे करेंगे तो हम इनको भी बोलने नहीं देंगे।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : देखिए, मैंने इनको इशारा दिया है। मैंने दो बार, तीन बार बताया है। मल्होत्रा जी को बोलने का पूरा अधिकार है। इनका भााण सुना जाएगा।

श्री कीर्ति झा आज़ाद : कौन असली गांधी है, कौन नकली गांधी है, फिर मैं भी यह बताऊंगा।â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This way you will be wasting the time of the House. Please sit down.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : देखिए,मुझे हाउस चलाना है। मैंने इनको इशारा दिया है। अभी आप बैठिए।

â€¦ (व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आज़ाद : ऐसे नहीं चलेगा। असली नकली का फिर हम भी भेद खोलेंगे कि कौन नकली गांधी है और कौन असली गांधी है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Malhotra, you can continue with your speech. Please ask your Members to sit down.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : मल्होत्रा जी को भााण करने के लिए अब आप मौका दीजिए।

â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे कह रहा था कि जब 19 दिसम्बर को सौ बिलियन डॉलर का हमारे पास फॉरेन एक्सचेंज था और जबकि पन्द्रह दिन के बाद वह बढ़कर 104 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया है तथा हर दूसरे-तीसरे दिन क्वार्टर बिलियन डॉलर यह हमारा फॉरेन एक्सचेंज बढ़ रहा है। इनके जमाने में एक बार सोना गिरवी रखा था। चालीस लाख टन सोना फॉरेन एक्सचेंज लाने के लिए कुछ दिन के लिए भेजा गया था और आज हमारी आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ है कि पहले ये यहां से विदेशों में रुपया जमा कराने जाते थे और आज सारे विदेशी भारत की अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ देखकर यहां अपना रुपया जमा करा रहे हैं। 104 बिलियन डॉलर आज हमारा फॉरेन एक्सचेंज है। कोई दुनिया की ताकत हिन्दुस्तान को आंख नहीं दिखा सकती। कोई दुनिया की ताकत सैंक्शन नहीं लगा सकती और जिन्होंने सैंक्शंस लगायीं थी, झक मारकर उनको वापस लेनी पड़ीं। हमारे पास इतना रुपया फॉरेन एक्सचेंज का है जिसके कारण हमारी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ है। अगर यह भारत उदय की निशानियां नहीं हैं, अगर यह भारत की बढ़ती हुई आर्थिक स्थिति की निशानियां नहीं हैं तो और क्या हो सकती हैं? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यहां पर कहा गया कि गुड फील फैक्टर कहां पर है ? गुड फील फैक्टर और दूसरी चीजों के बारे में बहुत बार जिक्र किया जा रहा है। ये कहते हैं कि गुड फील फैक्टर नहीं है। गुड बैड फैक्टर है और ये इस तरह की बातें कह रहे हैं।

सारी दुनिया कह रही है कि हमारी जो ग्रोथ रेट है वह 7.4 प्रतिशत है। अभी जसवंत सिंह जी ने कहा कि इस र्वा साढ़े सात प्रतिशत या आठ प्रतिशत होगी। आपके जमाने में तीन प्रतिशत, चार प्रतिशत, पांच प्रतिशत सस्टेनेबेल है या नहीं, इस पर बहस होती थी। आज हम दुनिया के पहले पांच या छः सुदृढ़ आर्थिक स्थिति वाले देशों में शामिल हो गए हैं। आज हमारी ग्रोथ रेट 8.4 प्रतिशत है, वह कल नौ प्रतिशत हो जाएगी। जब हमारी सरकार दोबारा सत्ता में आएगी तो वह दस प्रतिशत भी हो जाएगी। इससे ज्यादा बेहतर आर्थिक स्थिति का और क्या प्रमाण हो सकता है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not disturb him. उनको बोलने दें, बोलने से कोई नुकसान नहीं होता है।

श्री कांति लाल भूरिया : चुनाव हुए नहीं और ये पहले से ही फिर अपनी सरकार बनाने की बात कह रहे हैं।

डॉ. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष जी, 1956 के समय हिन्दुस्तान में मरीज इलाज के अभाव में सड़कों पर दम तोड़ देते थे। उसके बाद 40-45 साल तक इनका राज रहा और इन्होंने एम्स जैसा दूसरा अस्पताल देश में नहीं खोला। लेकिन हमारी सरकार के राज में सुामा स्वराज जी ने देश में 12 अस्पताल एम्स की तर्ज पर खोले हैं। आज विदेशों से लोग भारत में इलाज कराने आ रहे हैं, क्योंकि यहां इलाज अच्छा होता है और सस्ता भी है। पहले ये लोग विदेशों में इलाज कराने जाते थे, बड़े-बड़े नेता भी जाते थे। लेकिन अब यहां एक चौथाई और एक बटा दसवें खर्चे पर ही इलाज हो रहा है, यह भी सरकार की एक उपलब्धि है।

अध्यक्ष महोदय, मैं दो बातों का और उल्लेख करना चाहूंगा। इन्होंने रोजगार का जिक्र किया कि देश में रोजगार नहीं है, बेरोजगारी बढ़ी है। हिन्दुस्तान में एक लाख 80,000 गांवों में सड़कों का नामो-निशान नहीं था। लेकिन पिछले तीन सालों में 60,000 करोड़ रुपए लगाकर उन सारे गांवों में सड़कें बनाने का काम किया जा रहा है। अभी तक 30,000 गांवों में सड़कें बन गई हैं। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना और सारे हिन्दुस्तान को सड़कों से जोड़ने के लिए वित्त मंत्री जी ने एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इससे सारी जगह सड़कें बन रही हैं, जिससे लाखों लोगों को काम मिल रहा है। इस योजना के तहत दो- तीन करोड़ से ऊपर रोजगार के अ वसर पैदा हो रहे हैं। आज से चार-पांच साल पहले देश में किसी ने इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी का नाम नहीं सुना था।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत कार्य कर रहे एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

डॉ. विजय कुमार मल्होत्रा : इनके जमाने में एक साल में 11 किलो मीटर सड़क बनती थी और हमारी सरकार के समय में हर रोज 11 किलो मीटर छः लेन की सड़क बन रही है, जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। सारे हिन्दुस्तान में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

इन्होंने जिक्र किया कि भारत उदय कहां है। मैं आपके सामने इसके उदाहरण देना चाहूं तो सैंकड़ों उदाहरण दे सकता हूं। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जो आदमी निराश हो, हताश हो, अवसाद में हो, घबराहट में हो, उसको कोई खुशनुमा एहसास नहीं होता। उसको चांदनी रात भी अंगारे जैसी लगती है। कोई भी अच्छी चीज उसको बुरी लगती है। जब आदमी निराश हो, अवसाद में डूबा हो, उसको फील गुड फैक्टर का एहसास कहां हो सकता है इसलिए उन्होंने कहा कि फील गुड फैक्टर का नामो-निशान नहीं है। वे पूछ रहे हैं कि भारत उदय कहां हो रहा है, भारत उदय हो रहा है, हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग कह रहे हैं और सारी दुनिया कह रही है। अभी आपके सामने दो सर्वे आए। एक सर्वे 'आजतक' का आया, उसमें बताया गया कि हमारे गठबंधन को आगामी लोक सभा चुनावों में 340 से 350 सीटें मिलेंगी और दूसरा सर्वे जो आया है, उसमें बताया गया है कि हमारे गठबंधन को 350 सीटें मिलेंगी। उसके बाद भी ये लोग कहें कि फील गुड फैक्टर नहीं है, तो मुझे आश्चर्य होता है।

यहां प्रधान मंत्री जी का जिक्र किया गया। यह कहा गया कि प्रधान मंत्री जी असली हैं या नकली हैं, कैसे हैं, कौन हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि हमारे जो 25 दल हैं, उनका एक नेता है, अटल बिहारी वाजपेयी, लेकिन विपक्ष बताए कि उसका नेता कौन है। विपक्ष इसकी घोाणा करे कि उसका नेता कौन है।â€¦ (व्यवधान) विपक्ष का कोई नेता नहीं है।â€¦ (व्यवधान) सोनिया जी खड़ी होकर घोाणा करें।â€¦ (व्यवधान)

श्री अवतार सिंह भडाना (मेरठ) : 24 दल अकेले सोनिया जी से डरते हैं।â€¦ (व्यवधान)

डॉ.विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष जी, सोनिया जी ने खुद प्रेस को, पब्लिक को हिंदुस्तान भर में कहा है कि मैं इसकी नेता नहीं हूं। हम चुनाव के बाद तय करेंगे कि कौन नेता होगा? लेकिन यहां पर चापलूस लोग खड़े होकर कह रहे हैं कि वे नेता हैं।â€¦ (व्यवधान)चुनाव की लड़ाई शुरू हो गयी है और माननीय अटल जी एनडीए के नेता हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी कह रही है कि हम नेता का फैसला लड़ाई के बाद करेंगे, फैसला बाद में करेंगे कि कौन हमारा सेनापति है। अगर सेनापति

होगा नहीं तो लड़ाई कैसे लड़ेंगे। â€¦ (व्यवधान)सोनिया जी ने कहा है कि मर्यादा रखनी चाहिए और कुछ आरोप लगाए हैं। हम आरोप लगाना नहीं चाहते हैं। मैं उन सवालों में जाना नहीं चाहता हूं लेकिन विदेशी मूल का मुद्दा हम इसलिए नहीं उठा रहे हैं कि कोई मामला ही सामने नहीं है।â€¦ (व्यवधान)कोई मामला सामने होता तो उठाते। â€¦ (व्यवधान)कमांडर-इन-चीफ सामने होता तो उठाते। जिस सेना का कोई सेनापति नहीं होता, वह सेना नट हो जाती है, जिस सेना में अपरिपक्वता हो तो सेना नट हो जाती है। अगर माननीय प्रधान मंत्री जी का उल्लेख नहीं करते, उनके बारे में नहीं कहते तो अच्छा होता। अध्यक्ष महोदय, मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं किâ€¦ (व्यवधान)बजट में सरकारी कर्मचारियों को रिलीफ दिया, बेरोजगारों को रिलीफ दिया, कमजोर और गरीब लोगों को रिलीफ दिया गया है। जितनी सारी चीजें बजट में हैं उन पर चर्चा होती तो अच्छा होता।

अध्यक्ष जी, सूर्य उदय हो चुका है तो कमल भी खिलेगा। कोई निशाचर उसको रोक नहीं पाएगा। उस सूर्य उदय से कोई अपनी आंखें बंद कर ले और सूर्य की तरफ न देखना चाहे, तो सूर्य का कोई कसूर नहीं है। माननीय जसवंत सिंह जी ने शानदार बजट पेश किया है और देश भर में उसका स्वागत हुआ है लेकिन अपोजीशन उसका स्वागत नहीं करे तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

MR. SPEAKER: Shri Rupchand Pal − not present.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Sir, he will be coming a little later.

MR. SPEAKER: Shri Prakash Paranjpe − not present.

Kunwar Akhilesh Singh.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अंतरिम बजट पर बोलने का मौका दिया है। अंतरिम बजट जिस भय के वातावरण में एनडीए की सरकार लाई है उससे प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी देश की जनता को जितना धोखा दे सकती थी दे चुकी है। आने वाले दिनों में अब इसको और कोई मौका नहीं मिलेगा। जब 13वीं लोक सभा के चुनाव संपन्न हो रहे थे तो देश के प्रधान मंत्री आदरणीय अटल जी ने देश की जनता से वायदा किया था कि हम प्रतिर्वा एक करोड़ नौजवानों को रोजगार देंगे। लेकिन रोजगार देने की बात तो दूर रही, जनतंत्र के पवित्र मंदिरों का, एक-एक करके विनिवेश किया गया और रोजगार के अवसरों को छीनने का काम किया गया है।

आज देश को एक बार फिर भ्रम की स्थिति में ले जाने का काम किया है। आदरणीय वित्त मंत्री जी ने अंतरिम बजट प्रस्तुत किया है। इस अंतरिम बजट में इन्होंने एक बार फिर देश की जनता को छलने का प्रयास किया है।

आज विकास की बहुत लम्बी-चौड़ी बातें कही जा रही हैं। मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से जानना चाहता हूं, आपकी हुकूमत के चार साल और तीन महीने के कार्यकाल में जितनी डीजल के दामों में वृद्धि हुई है, उतनी वृद्धि किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुई है? देश की आजादी के बाद आप किसी भी सरकार के बारे में बता दीजिए, जिस सरकार के दौर में पैट्रोल की कीमतों में इतनी वृद्धि हुई हो। तेरहवीं लोक सभा के गठन के बाद जिस तरह से मिट्टी के तेल में इस सरकार के कार्यकाल में वृद्धि हुई है, उतनी वृद्धि किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुई है। निश्चित ही तौर पर गरीब की लालटेन को छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। सरकार कहती है कि हमने देश के गरीबों, देश के किसानों, देश के मजदूरों का भला करने का काम किया है। वास्तविकता यह है कि इस सरकार के कार्यकाल में किसान आत्म-हत्यायें करने के लिए मजबूर है। पिछले दिनों इसी सदन के अन्दर कई बार किसानों के सवाल पर चर्चा हुई है, लेकिन इस सरकार के कान में जूं नहीं रेंगी। हम सभी लोग गन्ना उत्पादित क्षेत्रों से चुनकर आते हैं। गन्ने के सवाल पर आपने इसी सदन के अन्दर कई बार चर्चा कराने का काम किया है और हमने बार-बार मांग की है कि गन्ना किसानों को गन्ने का न्यूनतम सांविधिक मूल्य कम से कम 80 रुपए प्रति क्विंटल मिलना चाहिए। अगर गन्ने का न्यूनतम सांविधिक मूल्य 80 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित नहीं किया, तो पिछले वर्ों में किसानों को जितना गन्ने का मूल्य मिल रहा था, उतना मूल्य भी नहीं मिलेगा। खाद के दाम बढ़ गए हैं। डीजल के दाम बढ़ गए हैं, पैट्रोल के दाम बढ़ गए हैं और मिट्टी के तेल के दाम भी बढ़ गए हैं। ऐसी स्थिति में किसानों की उपज के दाम घट जायें, इस पर सरकार कहती है कि किसान खुशहाल हैं। इससे ज्यादा बेशर्मी और बेहयायी की स्थिति और क्या होगी। इस बारे में मैं सरकार में बैठे लोगों से जानना चाहता हूं।

महोदय, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान - ये राज्य गन्ना पैदा करने वाले राज्य हैं। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना पैदा किया जाता है। गत वर्ा के पूर्व में उत्तर प्रदेश के अन्दर गन्ना किसानों के 95-100 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य मिला था। उस समय शायद उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की गठबंधन की सरकार थी। भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की गठबंधन की सरकार के इशारे पर उत्तर प्रदेश के चीनी मिल-मालिक न्यायालय की शरण में चले गए और न्यायालय ने यह फैसला दे दिया कि राज्य सरकार जो मूल्य निर्धारित करेगी, उस मूल्य की अदायगी चीनी मिल-मालिक नहीं करेंगे, बल्कि केन्द्र जो न्यूनतम सार्विधिक मूलय निर्धारित करेगा, उसकी अदायगी चीनी मिल-मालिक करेंगे। न्यायालय के आदेश पर उत्तर प्रदेश के चीनी मिल-मालिकों ने वहां की सरकार द्वारा समर्थित मूल्य देने से इन्कार कर दिया और किसानों के समक्ष विाम स्थिति पैदा हो गई। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश के अन्दर जब किसान अपनी उचित मांगों को लेकर सामने आए, तो उत्तर प्रदेश के अन्दर तीन किसानों को उत्तर प्रदेश की तत्कालीन सरकार द्वारा गोली से मार दिया गया। इस िवाय पर सदन में अन्दर हंगामा हुआ, तो प्रधान मंत्री जी ने पूरी वहस के बाद आश्वासन दिया कि हम गन्ने का मूल्य अधिक देंगे और किसानों को संरक्षण प्रदान करने का कार्य करेंगे। लेकिन मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि पिछले साल गन्ने का न्यूनतम सांविधिक मूल्य 69.50 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया था और इस साल जब सदन में कई बार चर्चा हुई, तो 73 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का न्यूनतम सांविधिक मूल्य तय किया। साढे आठ प्रतिशत औसत रिकवरी के आधार पर आज भी उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को 85-86 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य मिलेगा और दस प्रतिशत रिकवरी के आधार पर दो साल पहले गन्ने का मूल्य 95-100 रुपए प्रति क्विंटल मिला। अगर यही नीति चलेगी, तो किसानों का भला कैसे हो सकता है, मैं यह सरकार से पूछना चाहता हूं।

महोदय, सरकार द्वारा विकास योजनाओं को कार्यान्वित करने की बात कही गई है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी 1998 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ की विभीाका को देखने के लिए गए थे। इस दौरे के दौरान वे गोरखपुर भी आए थे। उन्होंने वहां जनता से कहा था कि नेपाल से प्रतिर्वा बाढ़ के कारण जन-धन की क्षति हो रही है, हम जब सरकार में दोबारा आयेंगे, तो इसका निराकरण करेंगे और उत्तर प्रदेश व बिहार को इस समस्या से निजात दिलाने का काम करेंगे। अब इस सरकार की विदाई होने जा रही है, लेकिन अभी तक उस वायदे का अता-पता नहीं है। भारत और नेपाल की सरकार के बीच में कोई कार्यदल गठित नहीं हुआ है। नेपाल से प्रतिर्वा होने वाली इस बाढ़ की विभीाका से बचाने के लिए इस सरकार ने कोई कार्य नहीं किया है।

प्रति वर्ा बिहार और उत्तर प्रदेश में करोड़ों लोगों के जन-धन की क्षति होती है लेकिन उस बाढ़ की रोकथाम का इन्होंने इंतजाम नहीं किया। तमाम योजनाओं पर धन

खर्च करने के लिए इनके पास धन है लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को बाढ़ की विभिकिा से बचाने के लिए इनके पास पैसा नहीं है। इसके बाद यह कहते हैं कि हम क्षेत्रीय विमता को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। आपे इसे कैसे दूर करेंगे? वह इलाका जिस ने आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी निभाने का काम किया हो, जिस धरती ने बड़े-बड़े महापुरुषों को पैदा करने का काम किया हो, जो राम की धरती रही हो, जो महावीर और बुद्ध की धरती रही हो, उस धरती पर रहने वाले लोगों की आपने लगातर उपेक्षा की। आज आप कहते हैं कि हम क्षेत्रीय विमता को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। राम के नाम पर इन्होंने तीन-तीन बार येन केन प्रकारेण देश के अन्दर गद्दी को प्राप्त करने का काम किया। इन्होंने कहा था कि अगर हमारी हुकूमत बनेगी तो हम राम मंदिर वहीं बनाएंगे। इन्होंने लखनऊ और दिल्ली दोनों जगह सरकार बनने के बाद राम को किनारे रखने का काम किया। मैं मानता हूं कि हम सूर्यवंश में पैदा हुए हैं। हम स्पट रूप से कहना चाहते हैं कि राम का अपमान जितना भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने किया, उतना किसी ने भी नहीं किया है। यह राम के व्यापारी रहे हैं। इन्होंने राम के नाम पर देश के लोगों की भावनाओं को लूटने और ठगने का काम किया।

गोरखपुर का खाद कारखाना वर्षों से बंद पड़ा है। इन्होंने कहा था कि गोरखपुर के खाद कारखाने को खोलने का काम करेंगे। इन्होंने इस काम के लिए सात मंत्रियों का एक समूह भी गठित कर दिया था। अध्यक्ष जी, जब आप इसके पहले मंत्री के पद पर सुशोभित थे तो उसमें आप भी एक सदस्य थे। उस मंत्री समूह की आज तक बैठक नहीं हुई। गोरखपुर खाद कारखाना चल सकता है या नहीं चल सकता है, इसका पता नहीं लगाया गया। आदरणीय चन्द्रशेखर जी ने इसी सदन में एक बार नहीं कई-कई बार गोरखपुर के बंद पड़े खाद कारखाने को चलाने की बात कही लेकिन उसे चलाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र महाराजगंज में भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के अंतर्गत एक शूगर फैक्ट्री है जो 1994 से बंद पड़ी है। मैंने उसे चलाने के लिए एक बार नहीं, चार बार इस सदन में आवाज उठायी लेकिन मेरी बात को अनसुना कर दिया। अभी पिछले दिनों वर्तमान कपड़ा मंत्री शाहनवाज हुसैन गोरखपुर गए थे लेकिन उन्होंने वहां राजनीति करने का काम किया और कहा कि मुझे पता ही नहीं है कि हमारे मंत्रालय के अन्दर आनन्द नगर में शूगर फैक्ट्री है जबकि मैं उनसे इस बारे में व्यक्तिगत तौर पर मिल चुका था। मैने मिल कर कहा था कि हमारे निर्वाचन क्षेत्र के साथ जो सौतेला व्यवहार हो रहा है उसे दूर करने का काम हो। जिस तरह आपने कानपुर की एनटीसी मिलों के साथ व्यवहार किया, उसी तरह का व्यवहार फरेन्दा के चीनी मजदूरों के साथ होना चाहिए। आज तक उन मजदूरों के साथ न्याय नहीं हुआ। इन्होंने वहां जाकर राजनीति करने का जरूर काम किया है। इन्होंने भाई को भाई से लड़ाने का काम किया। यह कहते हैं कि दुनिया के अन्दर देश का सम्मान बढ़ा है। जैसे ही आपकी हुकूमत आई, दुनिया के एकमात्र हिन्दू राट्र नेपाल की राजधानी काठमांडू से भारतीय विमान का अपहरण होता है। अपहरणकर्ता विमान को कंधार ले जाने का काम करते हैं। अपहरणकर्ताओं के दबाव में आप खूंखार अपराधियों को छोड़ने का काम करते हैं। उन्हें दामाद की तरह कंधार पहुंचाने का काम करते हैं। क्या यह सच नहीं है कि आपकी हुकूमत में लोकतंत्र की आत्मा संसद पर आक्रमण होता है और प्रधान मंत्री मूक दर्शक बन कर बैठे रहते हैं। आपकी हुकूमत में देश का मुकुट जम्मू-कश्मीर की विधान सभा पर आक्रमण होता है लेकिन यह सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है। क्या यह सच नहीं है कि आपके कार्यकाल में अक्षरधाम के मंदिर पर आक्रमण होता है? दुश्मन जब चाहता है तब सीमा पार से आतंकवादियों की फौज भेज कर गाजर-मूली की तरह से नरसंहार करके अपने आतंकवादियों को वापस अपनी सीमा में बुलाने का काम करता है। परमाणु बम बनाने के बाद भी आपकी वह परमाणु ताकत कहां चली गई? जिस देश की बहादुर सेना ने 1971 में दुश्मन देश के दो टुकड़े करने का काम किया था, आज वह बंटा हुआ मूल्क जब चाहता है तब देश को रौंदने का काम करता है। हमारे प्रधान मंत्री कहते हैं कि विदेश नीति बड़ी सफल रही है। मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि अमेरिका की कठपुतली बन कर आपने देश के मान-सम्मान को दुनिया में जिस तरह झुकाने का काम किया, देश की आजादी के बाद आज तक कोई ऐसा उदाहरण नहीं मिलता। गुट निरपेक्ष आन्दोलन के दौर के नेता नेहरू र्कनठ वासिर और टीटो होते थे लेकिन आज गुट निरपेक्ष के दौर का भारत दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। आज भारत अलग-थलग दिखायी दे रहा है और यह कहते हैं कि हमारी विदेश नीति सफल रही है।

सभापति जी, आज कोई अखबार ऐसा नहीं जिसमें यह विज्ञापन न छपा हो कि सरकार ने क्या क्या कार्य किये हैं? प्लानिंग कमीशन लोक सभा चुनाव के प्रचार के लिये विज्ञापन दे रही है। मैं जानना चाहता हूं कि इन विज्ञापनों पर कितना खर्चा हो रहा है? इस संबंध में सदन में कल एक सवाल उठा था कि क्या प्लानिंग कमीशन एन.डी.ए. के प्रचार में शामिल हो गया है? इस प्रकार का प्रचार करके वोट लेने के लिये लोगों की आंखों में धूल झोंककर आप देश को कहां ले जा रहे हैं? हमारे यहां बिहार में कहावत है- 'जनहानि धुनिया के बेरिया' क्या आप जानते हैं कि आज गांवों में आम जनता की क्या हालत है? सरकार ' फील गुड फैक्टर' के बारे में बता रही है जबकि सच्चाई यह है कि दिल्ली में ए.सी. में बैठने वाले लोगों के पौ बारह हैं। गरीब किसान, गरीब आदमी, गांव में रहने वाला बेरोजगार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति के लोगों का क्या हाल है? आने वाले चुनाव में इन लोगों द्वारा सरकार की खबर ली जायेगी, यह लोगों को बताया जायेगा। मैं कहना चाहता हूं कि अफरा-तफरी में कैसे डेट तय हो गई कि 6 फरवरी को लोक सभा भंग कर दी जायेगी। डी.एम.के., एम.डी.एम.के., पी.एम.के. के जाने से भारी भगदड़ मच गई और सरकार ने तय किया कि जल्दी लोकसभा भंग करो क्योंकि अनुकूल समय है। जब मालूम है कि कल तक लोकसभा की बैठक चलनी है तो उस दिन कैबिनेट की बैठक करके सरकार राट्रपति जी से कह सकती थी कि हमने तय किया है कि लोक सभा भंग कर देते हैं।

यह कट ऑफ डेट क्यों तय हुई, इसके बारे में कोई माननीय सदस्य बता दे। यहां कई सदस्य बैठे हैं, यही डेट क्यों तय की गई। अभी तक एम.पी.लैड का पचास सदस्यों का वर्ा 2003-2004 का एक पैसा भी नहीं गया है। हमने सवाल किया था, यह उसके जवाब में आया है। कहें तो हम सारे नाम पढ़ दें। इसमें श्री नीतीश कुमार, श्री दिग्विजय सिंह, श्री शरद यादव इन लोगों का नाम भी है। इन मंत्री लोगों का एक पैसा भी नहीं गया है। इन्हें मिलाकर पचास सदस्यों का एक भी पैसा एम.पी.लैड में नहीं गया है। उसका क्या होगा। मैं समझता हूं कि उन्होंने अनुशंसा कर दी होगी कि पैसा नहीं जायेगा, यह वोट में जायेगा, जबकि जनता के लिए लिखा है। यह सब कुछ गलत लिखा है। यह पैसा नहीं जायेगा तो वहां काम शुरू नहीं होगा। पचास लोगों का नाम पढ़ने में समय लगेगा, इसलिए मैं केवल मंत्रियों का नाम पढ़ देता हूं। हम जानना चाहते हैं कि इन लोगों का क्या होगा। तीन मंत्रियों का नाम भी इसमें है। â€¦ (व्यवधान)

इसमें वैस्ट बंगाल के श्री रनेन बर्मन, श्री निखिलानंद सर, कु.ममता बनर्जी, श्री अमर रॉय प्रधान और श्री समीक लाहिड़ी के नाम शामिल हैं।

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : आपका क्या हुआ, आपका क्या हाल है ?

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : हमारा हाल क्या पूछते हैं, हमारे हाल के लिए वहां चलिये। हम एम.पी.लैड खत्म करो वाले लोग हैं, हम एम.पी.लैड बचाओ वाले लोग नहीं हैं। इसलिए हम उसे छोड़कर चलते हैं। लेकिन और सदस्यों ने जिन्होंने हमें पीड़ा पहुंचाई है, उनका वर्णन करना जरूरी है। कल, परसों लोक सभा भंग होने के बाद सदस्यों की क्या स्थिति होगी, वह भी जानना पड़ेगा। सदस्य लोग मन मारकर बैठे हुए हैं। कानून में है कि सरकार के मंत्री तो बने रहेंगे, उनकी सारी सुविधाएं बनी रहेंगी, लेकिन लोक सभा भंग होने के बाद इन सदस्यों का क्या हाल होगा। कानून कहता है कि लोक सभा बाद में भी भंग हो सकती थी, लेकिन आप लोगों के प्रति सरकार का क्या रवैया है, यह मैं आपको बताना चाहता हूं। कानून कहता है कि छः महीने के भीतर चुनाव होने चाहिए। आप पढ़ने-लिखने वाले लोग हैं।â€¦ (व्यवधान)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : आप अपने दोस्तों के नाम ले रहे हैं। वे कल आपको और पीड़ा पहुंचायेंगे, आप सोचकर बात करें। श्री शरद यादव, श्री नीतीश कुमार आदि आपके दोस्त हैं।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : यह प्रश्न के उत्तर में आया है। मैं प्रश्न का उत्तर पढ़ रहा हूं। अन्यथा पचास लोगों के नाम हम पढ़ देंगे। लेकिन उत्तर में इन तीनों का नाम भी आया है कि इन लोगों का भी एक पैसा एम.पी.लैड में नहीं गया है। डा.रमन सिंह अब चीफ मिनिस्टर हो गये हैं। उनका भी इस साल का कुछ पैसा नहीं गया है। अब यह कह रहे हैं कि हम एडीशनल फंड और मांग रहे हैं। लोक सभा भंग होने के बाद इस फंड का क्या होगा।

"Based on the information received up to 31-01-2004 from the District Administrations, including former Members' constituencies, 50 Parliamentary constituencies have become eligible for release of funds. List

of such Members of Parliament is available in Annexure − II. In order to meet the requirement of funds, a demand for additional grants has been made."

यह एडीशनल ग्रांट और मांग रहे हैं। बजट का क्या हुआ, एम.पी.लैड का पैसा पहले से मंजूर क्यों नहीं हुआ?

सभापति महोदय, आप भी एम.पी.लैड के चेयरमैन हैं। पचास एम.पीज. का पैसा मंजूर नहीं हुआ, अब वे कहते हैं कि इसे मंजूर करायेंगे, यह पैसा कब जायेगा, मैं स्पेसिफिक पूछना चाहता हूं कि जो इस सदन के सदस्य हैं और जिनका वर्ा 2003-2004 का अभी तक एक पैसा नहीं गया है, मेरे पास पचास सदस्यों की सूची है, इसके अलावा और भी सूचियां होंगी। क्यों नहीं आपने इसे मंजूर कराया। लोक सभा भंग होने के समय कहते हैं कि हम एडीशनल डिमांड कर रहे हैं और इसे मंजूर करायेंगे। क्या हिसाब चल रहा है और क्या बातें चल रही है। इसलिए ये सब बातें मैं सरकार से स्पेसिफिकली जानना चाहता हूं।

श्री कानूनगो, श्री खारबेला स्वाइं, श्री अनादि साहू और श्री बी.के.देव यहां बैठे हुए हैं। ये उड़ीसा के सदस्य हैं। दिन में डिस्पैरिटी का बड़ा अच्छा सवाल इन्होंने उठाया है। मैं स्फेसिफिकली सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं कि एक राट्रीय श्रम विकास योजना है, प्रथम उसमें बिहार की सहायता, दूसरे उसमें उड़ीसा की सहायता, तीसरे में बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट इनिशिएटिव, पिछड़ा जिला घटक पहल, इसमें सौ जिले बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट चुने गये। यहां श्री संजय पासवान बैठे हैं, उन्हें इसकी ज्यादा जानकारी है, इनकी

"वंचित" नाम की पत्रिका निकलती है, जिसमें इन्होंने सब कुछ प्रकाशित किया है।

यूनाइटेड फ्रंट गवर्नमेंट के समय में 1997 में 100 जिले पूअरैस्ट और बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट ऑफ इंडिया चुने गए थे। उनमें बिहार और उड़ीसा के अधिक जिले थे। लोगों को वह पता नहीं कि उसको खत्म कर दिया गया। फिर नए सिरे से इस सरकार ने सौ जिलों का चयन किया। उसमें बिहार और उड़ीसा का कोई जिला नहीं है। सौ जिलों में एक भी जिला बिहार और उड़ीसा का नहीं है। जो 55 जिले चुने गए उग्रवाद से प्रभावित, उनमें बिहार के 8 जिले हैं और उड़ीसा के भी चार-पाँच जिले हैं। हमने यहाँ सवाल उठाया था। कालिंग अटैन्शन में प्रधान मंत्री ने इस सदन को आश्वस्त किया कि बिहार और उड़ीसा के जो जिले छूट गए हैं, उनके पात्र जिले लिये जाएंगे। पात्र जिले बिहार और उड़ीसा के हैं साफ, झारखंड पूरा हो गया साफ - बिहार और उड़ीसा के भी सभी जिले पात्र हैं। प्रधान मंत्री ने एलान किया था पिछले सत्र में 12 तारीख को लेकिन अभी इनका जो प्रचार और विज्ञापन निकल रहा है, राट्रीय श्रम विकास योजना में बैकवर्ड इनीशियेटिव में, उसमें 55 जिले थे उग्रवाद प्रभावित और सौ जिले थे बैकवर्ड, कुल हुए 155 जिले। दोनों में कॉमन थे 21, इसलिए कुल जिले 132 हुए। उनमें उग्रवाद को छोड़कर जनरल सौ जिलों में बिहार और उड़ीसा का एक भी जिला नहीं है। प्रधान मंत्री ने कबूल किया था हाउस में कि गलत हुआ है। इन्होंने हाउस को एश्योर किया था कि बिहार और उड़ीसा के पात्र जिले लिए जाएंगे। कब लिए जाएंगे - अब लोक सभा भंग होने वाली है। वोट का खेल चलेगा और बिहार और उड़ीसा जो वंचित रहे हैं, वंचित ही रहेंगे। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूँ और सरकार से स्पैसेफिक पूछना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री की उस घोाणा का क्या हुआ? वह आश्वासन कब लागू होगा? क्यों देर हो रही है जब यह कबूल कर लिया गया कि सब गलत हुआ? â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : There are ten more Members who want to speak.

DR. RAGHUVANSH PRASAD SINGH : I am concluding, Sir.

सभापति महोदय, रीजनल डिसपैरिटी के कारण देश में भारी संकट है। रीजनल डिसपैरिटी नेशनल इंटीग्रिटी के लिए भयानक खतरा हो सकती है। इसलिए रीजनल डिसपैरिटी को खत्म करना जरूरी है। श्री कानूनगो ने बताया कि सौ प्रतिशत हिसाब जोड़कर, कागज-पत्र देखकर कि बैकों की क्या भूमिका है वहां, फिर कैसे इन वैस्टमेंट में वे सब राज्य वंचित रहे हैं। इस तरह से इनवैस्टमैंट में वंचित रहेंगे, बैंकों द्वारा वंचित रहेंगे, भारत सरकार द्वारा हिस्सामारी होगी, बाढ़, सुखाड़, जल-जमाव, कटाव से तबाही उन राज्यों में रहेगी, तो उन राज्यों का क्या होगा जो पीछे छूट गए हैं, जिनमें ज्यादा लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं? यह सवाल मैं सरकार से विशेा रूप से पूछना चाहता हूँ कि उनके लिए क्या ठोस नीति है और क्यों ऐसा भेदभाव हो रहा है कि क्यों वे राज्य वंचित रह रहे हैं और उसके करोड़ों गरीब आदमियों का क्या होगा?

सब लोग देख रहे हैं कि आप बड़े आदमियों का ही नक्शा देख रहे हैं, मल्टीनेशनल्स और पूंजीपतियों की पौ-बारह हो रही है। हमारा जो पुराना सवाल था, बिहार को िवशेा राज्य का दर्जा देने का, उसका क्या हुआ, यह पहला सवाल है। दूसरा सवाल है कि बिहार के कर्ज़ा माफी की जो बात थी जिसके लिए सभी सांसदों ने प्रधान मंत्री को ज्ञापन दिया था, उस पक्ष के भी सभी सांसद उसमें थे, उसका क्या हुआ? हमारे पैकेज का क्या हुआ जो 1,79,900 करोड़ रुपये के पैकेज का प्रस्ताव बिहार विधानमंडल ने सर्वसम्मति से पास करके सरकार को भेजा था? सभी पार्टियों के लोग उसके लिए प्रधान मंत्री से मिले थे और उनको ज्ञापन दिया था, उस पैकेज का क्या हुआ? सरकार चले वोट के मैदान में, जनता को सब हिसाब बताया जाएगा। ज्यादा मंत्री उधर बने हुए हैं, ज्यादा समर्थन उधर कर रहे हैं, लेकिन बिहार की हिस्सामारी हुई है, भारत सरकार ने बिहार, उड़ीसा और पिछड़े राज्यों के साथ भेदभाव किया है।

MR. CHAIRMAN: You have taken enough time, please conclude now. There are ten more Members who want to speak.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : बाढ़, सुखाड़, जल-जमाव से बिहार तबाह है, उसका क्या हुआ? बिजली के उत्पादन में एक पैसा भारत सरकार ने नहीं दिया। उसका हमारा हिसाब क्या हुआ? पनबिजली में, थर्मल पावर प्लांट में, रिनोवेशन में क्या हिसाब है? बिहार के बरौनी का रिनोवेशन, मॉडर्नाइज़ेशन, एक्सटैन्शन का प्रस्ताव भारत सरकार के पास लंबित है। फिर कैनूर पनबिजली प्रोजैक्ट 2500 मेगावाट का और इंद्रपुरी जलाशय योजना 450 मेगावाट का हमारा प्रोजैक्ट तय हुआ था। जब ये सारे सवाल उठेंगे तो ये लोग घूम नहीं पाएंगे, जो आज सरकार की हां में हां मिला रहे हैं। अंदर से सब जानते हैं लेकिन बोल नहीं रहे हैं। इसलिए ये सब बातें हम जनता के सामने कहेंगे।â€¦ (व्यवधान)इस बार इन लोगों का सारा हिसाब तैयार है।â€¦ (व्यवधान)अब जनता में जाकर न्याय होगा कि ऐसा क्यों हुआ और इन लोगों को जनता अकल सिखाएगी। इस बार जनता इन्हें दोबारा नहीं आने देगी, इन्हें पछाड़ करके हम लोगों के मोर्चे की सरकार बनेगी।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

वस्त्र मंत्री (श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन) : हम लोग बिहार में सरकार बनाएंगे, तो सब काम कर लेंगे।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : बिहार में सरकार बनाना आपका स्वप्न है।â€¦ (व्यवधान)बिहार में सरकार आने से पहले यहां की सरकार भी आपकी चली जाएगी।â€¦ (व्यवधान)

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Thank you, Sir. I rise to support the Interim Budget.

I listened with rapt attention to the speech made by the hon. Leader of Opposition. That was a thoroughly confused speech. I do not know who wrote the speech for her but it was mostly a political type of speech which did not mention much about the Interim Budget. I listened with rapt attention to what Shri Rupchand Pal has said.

I heard what Shri Priya Ranjan Dasmunsi has said. He tried to prove himself to be the greatest economist of this House. He tried to teach economics to everybody and said that we did not understand things. I listened to him with rapt attention. He said several times, किरीट सोमैया जी चले गए, मंत्री जी चले गए, सब चले गए। And now he himself has gone out. He is not present now.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): That does not matter. मंत्री जी का रहना ज्यादा जरूरी है।â€¦ (व्यवधान)

श्री खारबेल स्वाइं : किरीट सोमैया जी चले गए, वह कई बार बोले। इसलिए मैं कह रहा हूं।â€¦ (व्यवधान) He said that whatever the Minister has done are all tricks. He questioned as to what this feel-good factor is. He said that if we go to the villages, people would spit on us.

Sir, here is a copy of the latest issue of *India Today*, the largest circulated English magazine in India. Here is an article published in this magazine explaining as to how good is this feel-good factor. The first person who said that 66 per cent of this feel-good factor is permanent is Shri Vivek Deb Roy. Congress people know who this Vivek Deb Roy is. He belongs to the Rajiv Gandhi Institute. He himself predicted that this year's GDP growth would be 7.5 per cent. Shrimati Indira Rajaraman, Professor NICFT; Shri Siddharth Roy, the Chief Economist of Tata Group; Shri Kirit Parekh, Professor Emeritus, IGIDR, involved with some Indira Gandhi Institute; Shri Subir Gokarr, the Chief Economist, CRISIL; and Shri Suresh Tendulkar, Professor, Delhi School of Economics − these are the people who have said that there is a feel-good factor. Where is the trick, then? I will come to this feel-good factor later.

Shri Dasmunsi has said several things. He said, "Why this 100 billion deposit of foreign exchange in India? These are short-term deposits". I will just ask a simple question. When the Congress Party was in power, why is it that even one billion dollars were not deposited by the foreign depositors even on short-term basis? They did not do so because they had no faith in that Government. They have faith in the NDA Government and that is why they have deposited more than 104 billion dollars as forex reserves.

Referring to the incident of aeroplane hijack from Kathmandu to Kandahar, Shri Dasmunsi said that the Finance Minister, when he was the External Affairs Minister, escorted terrorists to Kandahar as if they were his sons-in-law.

I am asking Shri Priya Ranjan Dasmunsi that let him go to the relatives of the persons who were hijacked, who were kept as hostages and let him say them that the Minister did a mistake by releasing those people from the captivity of the Taliban terrorists. The people will only spit on him; the people will not spit on us. Let him have the courage and tell them that the Minister had committed a mistake.

Shri Priya Ranjan Dasmunsi said that there was no action taken after the UTI scam. It was taken, and, there was a package given to the UTI. The UTI was revived, and now the UTI is the market leader. So, how can he say that we did not take any action in this regard? Is it wrong that we provided money to revive the UTI so that the small investor would prosper now and he would not be cheated?

He said, why there was an attack on Parliament. The party, which could not protect its own Prime Minster and whose own Prime Minister was killed by her own bodyguards is saying, why there was an attack on Parliament! I do not know how they can say so. Even there was an attack on America and they could not protect themselves. How do we say why there was an attack on our Parliament? How could we have known it? It is the same MPs -- and I am also one among them -- who did not want to be checked. We showed red eyes to the security personnel who tried to protect us. That was the reason because of which the Parliament was attacked.

Now, he says that India is a country which was a non-aligned one. We took seven days of great persuasion to pass a resolution against the attack on Iraq by the United States of America. I am asking that if we were non-aligned, did we pass any resolution in this very House, in this Parliament when the USSR attacked Afghanistan? The USSR captured Hungary, the USSR captured Czechoslovakia but we did not do anything. So, can we say that we were actually non-aligned at that time? We are very much aligned with one party, and we are telling everybody that we are non-aligned. That is the reason why the United States of America was against us.

Sir, he said that Shri Atal Bihari Vajpayee never went to jail even for a single day when the Congress party fought the indepence struggle. I know, Sir, that he did not go to jail. But he went to Indira Gandhi's jail He was there for 19 months. He fought the second war of independent in this country. He fought the war of independence from the clutches of the tyranny of Shrimati Indira Gandhi. That is what he did. He freed the people of this country....(*Interruptions*) Not only he, everybody from this side contributed under the leadership of our late lamented Jai Prakash Narain. They contributed and freed the people of this country.

Shri Rupchand Pal, while participating in the discussion, accused that there are less employment opportunities. He also said that there is less purchasing power in this country. But it is the same people who purchase. I give you one example. Now, the people of India are in a spending spree for the last three years, purchasing mobile phones. Mobile phone is the most visible sign of consumerism today. In November, 2002, there were 97 lakh mobile phones in this country and in November, 2003, just within a span of 13 months, its number has increased to 263, lakh If one mobile phone costs Rs. 5,000, that means the people of India spent Rs. 8,000 crore for the purchase of only the mobile phones, and these mobile phones were not purchased by the corporate sector.

You go to the village and you go to the market place. Even a vegetable seller is now utilising mobile phones, asking somebody in Hyderabad about the location of his truck and why his truck has not reached that day. Even the milk vendor is utilising mobile phones. How can he say that it is only the corporate sector which is using it?

You take the case of two wheelers, cars and personal computers. In 2003-04, 8.7 lakh cars had been sold, 53 lakh two-wheelers had been sold, and 20 lakh personal computers had been sold. The confidence among the Asia-Pacific countries is that India has the most optimistic consumers. In India, the consumer-spending constitutes two-thirds of the entire economic activity of the country. How can he say that people do not have any money? If the people do not have any money and if the people do not have purchasing power, how do they buy all these things?

Let us now come to employment. Yes, I agree that employment opportunities have reduced in PSUs. In the Government and in the industry, it has decreased, but it has increased in services and in agriculture sectors. Agriculture and services account for 75 per cent of the economic activity in this country. ...(*Interruptions*) Sir, from the very beginning of this debate, I had been telling hon. Speaker to kindly limit the time. Now, this debate is being telecast live. I told him not to allow one hour for the hon. Members speaking first because when we speak last, we may be limited to only two minutes each. This is very unfair. You may kindly give me some more time. I will conclude early.

MR. CHAIRMAN : You have taken 12 minutes.

SHRI KHARABELA SWAIN : The services sector and the agriculture sector are generating employment. Take the private recruitment companies. They have provided jobs to 3.5 lakh individuals in 2003. They say that in this year, it is going to increase by 25 per cent.

Take the services sector. It has created both high and low skilled-works, ranging from software engineers, from Ph.Ds. to fresh graduates in the Call Centres and in restaurants. It has created jobs, smaller jobs like security guards, drivers, etc.

Take the example of IT and IT-enabled services. It has employed 6.5 lakh people and every year, it is doubling. In Mumbai and in Delhi, every week, they are opening one restaurant. In one restaurant, they are employing almost a dozen people; they are highly skilled and they are earning very high salary. Those people who are serving in the restaurants are aged below 20 years. So, they have become very rich, prosperous in this country and are using mobile phones and other things.

Thirty per cent of the new car owners hire a driver. If 8.7 lakh cars had been sold, it would have created employment to 2.6 lakh people as drivers. How can he deny it? Factually, if 8.7 lakh cars were sold, naturally 2.7 lakh drivers would have got employment as drivers.

Now, take the example of National Highway Development Programme. It is creating jobs for 40 people every day, per kilometre of road construction. Now, construction of 3577 km. of road has been completed and as has been already told, every day 11 kms. of road on the National Highway are being constructed. As of now, 75,000 villages have been connected under *Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.*

The manufacturing sector is very gradually being opened up. Now, it is going to provide more and more employment. This upward economic trend is going to be irreversible. It is not happening because of rains; rains do not have much effect on the economy of this country; it has happened because of the very correct economic reforms which have been continued by this Government led by Shri Vajpayee. Shri Vajpayee has put the derailed economy of this country on the very right track. So, for the next 20 years, it is going to provide employment and it is going to give a boost to this country. Even the World Bank says that there shall be an eight per cent growth this time correct economic reforms which have been continued by this Government led by Shri Vajpayee. Shri Vajpayee has put the derailed economy of this country on the very right track. So, for the next 20 years, it is going to provide employment and it is going to give a boost to this country. Even the World Bank says that there shall be an eight per cent growth this time.

Moodys, who provide ratings to countries, have upgraded the Indian Standards to Baa2, that means it is going to be an investible destination.

Now, why did Pakistan go for a cease-fire? Why did they not fight a war in Kashmir any more? Why did they allow India to build a wired-fencing on the Line of Control? It is because the mood of the people of Pakistan has changed. The people of Pakistan have realised that by fighting war they are getting impoverished. India has become resurgent and vibrant. It has become a country of the future. India has become the talk of the economic activities of the world. That is why the people of Pakistan do not want a war. They want that they should also prosper like India. That is why the mood has changed in Pakistan. Shri Atal Bihari Vajpayee can take the credit for changing the mood of Pakistanis by making India a vibrant economic power.

The last few sentences are for my State, Orissa. I appeal to the hon. Prime Minister that work on Paradip Oil Refinery should be started immediately. In Western Orissa, Sambalpur, Burla Engineering College should be developed as an IIT because it is a backward area. Orissa requires one IIT very badly.

Lastly, in Bubaneswar, the construction of All India Institute of Medical Sciences, whose foundation stone has been laid by the hon. Prime Minister, should be completed fast.

श्री पवन कुमार बंसल (चंडीगढ़) : सभापति महोदय, पिछले दो महीने से भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक बहुत बड़े भ्रम का शिकार बनी हुई है और आज उसका प्रयास देश को भ्रमित करना है। तीन प्रान्तों के विधान सभा के चुनाव जीतने के बाद यह बात याद रहनी चाहिए कि उन जीतने वाले प्रान्तों में दिल्ली नहीं थी। यहां के लोगों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ वोट दिया क्योंकि केन्द्र सरकार का संचालन यहां से हो रहा है। उन तीन राज्यों में जीतने के बाद हजारों, करोड़ों रुपये के इश्तहार अखबारों में देकर, यह नहीं कि उसमें सिर्फ चौथाई पेज भरा हो, एक-एक अखबार में पूरा-पूरा पेज और उस पूरे पेज के साथ चार-चार जगह आधे-आधे पेज और इस ढंग से जैसे एक बड़े अच्छे न्यूज़पेपर ने खुद ही लिखा है - thousands of crores of rupees have been blown in the form of advertisements. उन इश्तहारों के जरिए एक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है और that of feel good factor. यह मैं नहीं कह रहा, यह भारतीय जनता पार्टी के कुछ सदस्यों ने खुद ही जिक्र किया कि बिहार, यूपी जैसे प्रान्त में लोग समझ नहीं पाते कि आप फील गुड क्या कह रहे हैं। उसके लिए उप प्रधान मंत्री श्री लाल कृण आडवाणी की जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा कि यह खुशनुमा माहौल है। अगर आप नज़र दौड़ाकर देखें, जिक्र किया जा रहा है कि कन्ज़्यूमरिज़्म बढ़ गया, टेलीफोन खरीदने के लिए बहुत लोग आगे आ रहे हैं। लेकिन क्या हिन्दुस्तान उतने कुछ लाख लोगों तक सीमित है? हिन्दुस्तान गांवों में बस्ता है और आज जब हम इस बात का जिक्र कर रहे हैं तो यह मैं नहीं कह रहा, यह सरकार के अपने दस्तावेज, इकोनॉमिक सर्वे, नेशनल स्मॉल सर्वे सिद्ध करते हैं कि देश के गरीब लोग, पढ़े-लिखे नौजवान, जिनके सामने एक कड़वा सच आया, वह सच यह है कि देश में बेरोजगार लोग ज्यादा हो गए हैं। मैं इस संदर्भ में, बेशक मैं यह मानता हूं कि किसी भी सरकार का यह अधिकार है कि वह अपनी प्राप्तियों का जिक्र करे, लेकिन उनसे यह भी उम्मीद की जाती है और उनकी जिम्मेदारी है कि वह लोगों को गलत बयानी न करे।

यहां मैं कहना चाहता हूं कि आज जो हमारे सामने वित्त मंत्री जी का भाण है, उसमें उन्होंने कहा है -

Sir, I am quoting him. He said:

> "Sir, employment has increased."

The facts are otherwise and in this context, I have to just cite the Economic Survey that is the publication of the Government of India and not of our Party. Permit me to read a few lines from that. It says:

> "The absolute number of unemployed as well as incidence of unemployment expressed in terms of unemployed as a percentage of the labour force increased during this last period."

इसके आगे यह बात भी सिद्ध हो गई है कि आज के दिन जो लोग रोजगार के लिए जॉब मार्केट में आते हैं, उनके सिर्फ पांचवें हिस्से को ही नौकरी मिल पाती है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने पांच साल लगातार लालकिले से कहा कि देश के नौजवानों को एक करोड़ रोजगार के साधन मुहैया होंगे और उसके बाद एक डीएवीपी का बहुत बड़ा एडवर्टाइजमेंट आया। उसमें कहा गया कि सरकार की तरफ से 70 लाख रोजगार हो रहे हैं। मैं यही जानना चाहता हूं कि दोनों में से सच क्या है ? एक बार फिर प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि कोई चुनौती नहीं दे सकता कि हम लोग 70 लाख लोगों को रोजगार नहीं देते। मैं समझता हूं कि मुझे यह बात कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह हमारे सामने है कि 1.5 करोड़ नौजवान पढ़े-लिखे रोजगार के लिए दर-दर धक्के खा रहे हैं और आपके एम्पलॉयमेंट एक्सचेंज उनको क्या देते हैं ? नौकरी। नहीं, नौकरी नहीं देते। उनके साथ भद्दा मखौल होता है। उनको एम्पलॉयमेंट कार्ड दे दिया जाता है कि आपका नाम रजिस्टर्ड हो गया। The Employment Exchanges give you only the employment cards and not the jobs. And the people of the country, the poor students and the young people need jobs and not cards.

इसी के सन्दर्भ में आज के दिन यह हम सभी का अनुभव है कि कोई भी परिवार हो, छोटा-बड़ा कोई भी हो, सबके सामने एम्पलॉयमेंट इन्सिक्योरिटी है। सभी के मन में रोजगार के लिए भय है। किसी को तो रोजगार चाहिए। किसी का रोजगार छीना जा रहा है और मैं सरकार का फिर जिक्र करना चाहता हूं। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपनी फिलोसॉफी, अपना दर्शन बताते हुए कहा कि :

> 'The country's macro economic situation is better than what it has been for the last 50 years.'

यह इनको एक आदत पड़ गई है कि पचास साल का एकदम जजमेंट कर दें और आज के दिन आपकी मैक्रो इकोनॉमिक क्या है ? The Government's economic policy today is based on two negative principles, I say this with utmost respect and those principles are disinvestment and retrenchment. Disinvestment has taken the place of investment and retrenchment has taken the place of employment. बार-बार लघु उद्योग का जिक्र किया जा रहा है। आप हिन्दुस्तान के किसी भी कोने में जाकर देखिए। किसी भी शहर में जाकर देखिए। स्मॉल स्केल इंडस्ट्री का जो हश्र हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ था। नौजवान कॉलेज में पढ़कर, इंजीनियरिंग कॉलेज से डिग्री लेकर उन्होंने अपने-अपने कारखाने शुरू किये थे लेकिन इनको बाहर से हिदायत आ गई कि आज मल्टीनेशनल्स की जरुरत है, बड़े-बड़े कौरपोरेट सैक्टर्स की जरुरत है। हमें स्मॉल स्केल इंडस्ट्री की जरुरत

नहीं है। यहां आप बेशक क्रैडिट कार्ड का जिक्र करते रहिए। लेकिन उनके साथ क्या हुआ ? एक-एक करके सभी स्मॉल स्केल इंडस्ट्री बंद हो गई और उसके बाद उनके मालिक ही बेरोजगार नहीं हो रहे हैं, वहां उनमें कार्यरत छोटे-छोटे कर्मचारी चाहे स्किल्ड हों या सैमी-स्किल्ड वर्कर्स हों, वे सब सड़क पर आ रहे हैं। उनकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। सच में हालत यह है कि आज अगर सरकार एक तरफ कह रही है कि रोजगार बढ़ रहे हैं, Statistics like faces are often deceptive and that is what is being dolled out by this Government today. ये आंकड़े दे रहे हैं कि रोजगार बढ़ रहा है। अगर रोजगार के सामने बेरोजगार लोगों का नम्बर बढ़ रहा है तो क्या सरकार को यह कहना शोभा देता है कि रोजगार बढ़ रहे हैं? कहां पहुंच रहे हैं ? कहां पांच वर्ा में पहुंचे हैं ? फिर मैं यह कहता हूं और मैं नहीं कह रहा हूं। सरकार के अपने पब्लिकेशंस ही यह बात कह रहे हैं।

बार-बार यह कहा जा रहा है कि एक और हरित क्रांति लाई जा रही है। शुक्र है इस बात का कि आपने पहली हरित क्रांति का जिक्र तो किया, वरना आप तो पिछला किया हुआ सब कुछ भूल जाना चाहते हैं। अगर में यह कहूं, the Congress has founded the modern Independent India. The Congress has the satisfaction of attainment and you have the joy of obtainment. आप इस खुशी में रहे इसलिए जो कुछ पहले हुआ, उसको खत्म कर देना चाहते हैं। इसी संदर्भ में आप दूसरी हरित क्रांति की बात कर रहे हैं। हम भी यह चाहते हैं, लेकिन आज अन्न के जो भंडार भरे पड़े हैं, वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों और इंदिरा गांधी की नीतियों की वजह से हैं। जानसन की आपको याद होगी, He wanted to give the country a short shrift. But it was the late Indira Gandhi who stood firm. उसके कारण हमने ऐसी नीतियां अपनाईं, स्वामीनाथन जैसे विशेाज्ञ थे, जिनके कारण देश में आज अन्न इतना ज्यादा है। लेकिन विडम्बना है कि हमारे पास अन्न के इतने भंडार हैं और वहीं बड़ी तादाद में देश में लाखों लोग भूखे पेट सोने को मजबूर हैं, क्योंकि उनके पास खाने को अन्न नहीं है। इसके बावजूद आप टेलीफोन की बात कर रहे हैं। जिनके पास खाने के लिए रोटी नहीं है, उनको टेलीफोन से क्या मतलब है। देश में गेहूं और चावल की जो कीमत है, आप उसको उस कीमत पर भी नहीं बेच रहे हैं। नतीजा यह हो रहा है कि अन्न पड़ा-पड़ा खराब हो रहा है और एफ.सी.आई. की इकोनॉमिक कॉस्ट की बात कर रहे हैं। हमें समझ नहीं आता कि आप किस दुनिया की बात कर रहे हैं। आज जरूरत है देश के हर इन्सान का पेट भरने की, लेकिन यह नहीं हो रहा है। कृाि के लिए आप क्या कर रहे हैं, यह भी देखें। आप कह रहे हैं कि हमने क्वांटिटेटिव रिस्ट्रक्शंस हटा दीं, लेकिन उसका परिणाम क्या हुआ है, यह भी देखें। हमारे देश में आज खरबूजा, तरबूज बाहर से आ रहा है। क्या हमारा किसान यह सब पैदा करने के लिए काबिल नहीं है, क्या वह अपने खेतों में ये चीजें पैदा नहीं करता। इसका सीधा परिणाम यह हुआ है कि किसान की अपनी आर्थिक हालत खराब हो रही है। जो किसान रेगिस्तान में गरीब का फल पैदा करता था, वह नहीं बिकेगा और वह बाहर से आएगा और यहां आठ-दस लाख लोग उसको खा रहे हैं, लेकिन किसान भूखा मर रहा है।

आप लोग गाय माता का बहुत जिक्र करते हैं। लेकिन हमारे देश में दूध और दूध के प्रोडक्ट जैसे मक्खन, घी इत्यादि बाहर से आते हैं, तो फिर लोग गाय का क्या करेंगे। इसका परिणाम यह हुआ है कि हमारी गायों को आप लोगों ने सड़कों पर छोड़ दिया है। इस प्रकार से स्थिति को मोड़ दिया जा रहा है। I think, psychologically something has gone wrong with the working of this Government.

आपने पांच प्राथमिकताओं का जिक्र किया है, लेकिन इस सरकार की वास्तव में क्या प्राथमिकता है, इसको जानने की जरूरत है। सरकार देस को ऐसे रास्ते पर ले जा रही है, जहां से वापस आना मुश्किल होगा। आज हम संसद में नीतियां नहीं बना रहे हैं, सरकार नीतियां तय नहीं कर रही है। बाहर से आपको आदेश हो जाता है और उसके अनुसार आप नीतियां बनाकर उसे लागू करते हैं। आज यह स्थिति हमारे देश की हो रही है।

समयाभाव के कारण मैं ग्रोथ रेट की ज्यादा चर्चा नहीं करूंगा। लेकिन एक बात जरूर कहना चाहूंगा। हमारे माननीय सदस्य खारबैला स्वैइं जी ने जिक्र किया कि हमारी ग्रोथ रेट 7.5 प्रतिशत हो जाएगी। पिछले चार वर्ाों में क्या हुआ, 4.4 प्रतिशत से 4.6 प्रतिशत के बीच ग्रोथ रेट रही। इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी के समय में नाइनटीज में छः प्रतिशत सस्टेन रही। मैं इनको याद दिलाना चाहता हूं कि यह वर्ा ड्राउट के बाद का है और 1989-90 में ड्राउट के बाद हमने देखा है कि उस वक्त 10.87 प्रतिशत के करीब ग्रोथ रेट बढ़ी थी। मैं इन पर दोा नहीं लगाना चाहता, सभी सरकारों का फर्ज है कि वे देश के लिए कार्य करें। लेकिन आपने यह नीति बना ली है कि 50 वर्ा में कुछ नहीं हुआ और इन पांच वर्ाों में आसमान से चांद-सितारे लाकर हमने जनता को दे दिए हैं। You brought down moon for the people and you have given them the path of milk and honey. But it is not so. उसके विपरीत आज काम हो रहा है।

आप किसी भी चीज को ले लें, खुशनुमा माहौल लोगों के मन में नहीं है। गॉयबल्स की एक बात मुझे याद आती है। लोगों को यह बताने की कोशिश हो रही है कि वे क्या सोचें। अगर एक असत्य को बार-बार बोलते रहें तो सत्य लगना शुरू हो जाएगा। In reality, you are trying to out-Goebbles the Goebbles himself today. उसी के तहत यह मिथ्या चाल है जिसमें आपने कुछ दिन पहले यह तय कर लिया था कि सेशन करना है। सेशन करना आपका अधिकार है और उस बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं। यह सेशन आपको आठ-नौ जनवरी को बुलाना था। लेकिन जो तरीके आप ऐलान के अपना रहे हैं वे ठीक नहीं हैं। आप लोगों को चुनाव के कारण रिश्वत देने की कोशिश कर रहे हैं। जनता जानती है कि आप अपनी तरफ से अपने काम के जरिये कुछ नहीं कर रहे हैं बल्कि उस समय के लिए वायदा कर रहे हैं जब आप यहां होंगे ही नहीं। इसका अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। आपसे पूछा गया कि क्या आप 11 हजार करोड़ रुपये के नये टैक्स लगाएंगे? आपने कहा कि नहीं। इसका मतलब क्या है? इसका सीधा मतलब है कि एजुकेशन, हैल्थ पर कट लगाया जाएगा। उन पर कट लगेगा या बाद में आप टैक्स लगाएंगे। साथ ही यह बात भी है कि इस सरकार ने हायर एजुकेशन की तरफ से अपने हाथ धो लिये हैं। सरकार समझती है कि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। युनिवर्सिटीज में बच्चों की फीसें बढ़ाई जा रही हैं। जब हम इसका विरोध करते हैं तो कहते हैं कि बच्चों को एजुकेशन के लिए लोन दे दिया जाएगा। आप अपना मुकाबला कहां से कर रहे हैं, डैवलेप देशों के साथ आप अपना मुकाबला कर रहे हैं। वहां तो बच्चा कालिज से निकलता है तो उसे नौकरी मिल जाती है। यहां अगर गरीब का बच्चा लोन लेकर पढ़ेगा तो उसकी गरीबी ही बढ़ेगी। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि रेलवे में खलासी के लिए, गैंगमैन के लिए एडवरटाइजमेंट निकला था। उसके लिए एमबीए, एमएससी, बीएससी पास बच्चों ने एप्लाई किया था। एक गरीब आदमी मेरे पास रोते हुए पहुंचा। उसके बच्चे ने दो साल का कम्प्युटर का कोर्स भी किया हुआ था और एमएससी भी कर रखी थी और वह अपने बच्चे के लिए लैब-अटैंडेंट की नौकरी मांग रहा था। And what is the job profile of lab attendant? It is to dust the lab. इस काम के लिए एमएससी पास बच्चे को नौकरी नहीं मिल रही है। मैं नहीं कहता कि किसी जादू की छड़ी से आप सब कुछ कर सकते हैं लेकिन आप लोगों को गुमराह तो मत कीजिए। आप सही हालात लोगों को बताइये, लेकिन वह आप नहीं बता रहे हैं। इसलिए आपका गुनाह और बड़ा है।

अनएम्प्लाएमेंट के बारे में बात करना आवश्यक है। हमारे समये में अनएम्प्लाएमेंट रेट 5.99 था लेकिन अब यह 7.32 है। ग्रोथ रेट के बारे में मैं कह चुका हूं, वह मैं दोहराना नहीं चाहता हूं। विकास की बहुत बातें की जा रही हैं। मैंने देखा है कि टेलीफोन की बातें बार-बार की जा रही हैं। माननीय विजय कुमार मल्होत्रा जी ने कहा कि पांच साल पहले आईटी के बारे में किसी को पता नहीं था। मुझे मालूम नहीं था कि सदस्य की याददाश्त इतनी कम है। माननीय राजीव गांधी जी ने इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी की बात कही थी और कहा था कि देश को 21वीं सदी में ले जाना है तो आज के हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने उनका मखौल उड़ाया था और राजीव जी को " ए कम्प्युटर बॉय" कहा था। साथ ही कहा था कि गरीब के पेट के लिए रोटी जरूरी है या कम्प्युटर। आज आप सोच सकते हैं कि अगर कम्प्युटर नहीं होते तो हम कहां होते?

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : कब कहा था, हाउस में कहा था या बाहर कहा था, आप बताइये। अगर कम्प्यूटर बॉय कहा था तो अच्छी बात कही थी।

श्री पवन कुमार बंसल : हाउस में भी कहा था और बाहर भी कहा था। अगर उन्होंने दूर-दृटि से काम नहीं लिया होता तो आप सोच सकते हैं कि देश आज कहां

होता। मोबाइल फोन का बहुत जिक्र किया जाता है। आप बताएं कि वह नीति किसकी थी? किसके कारण यह सब हुआ? पेड़ एक दिन में फल नहीं देते हैं बल्कि उन्हें मेहनत से सींचना पड़ता है, ध्यान रखना पड़ता है। यह काम टेलीकॉम इंडस्ट्री में हुआ है, टेलीडेंसिटी बढ़ी है और इस बात को मैं स्वीकार करता हूं। जो बात मैं कहना जा रहा हूं उसका कोई भी आपके बीच में से जवाब दे दे। इस वर्ा देश में कितने नये डाकखाने खुल रहे हैं।

Only twenty post offices are being opened in the entire country, whereas my constituency alone needs more than twenty post offices at this moment. That is the position. If any physical effort was required by you, it was to open more post offices. आप डाकिए नहीं रख रहे हैं और इस वजह से सेवाओं पर असर पड़ रहा है। कारण यह कि यह काम कोरियर को दे दिया जाए। सब जगह धन्धा है। मैं एक बात की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : The Congress Party has already exhausted one and half hours.

श्री पवन कुमार बंसल : महोदय, मैं घोटालों के बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं। घोटालों के बारे में बार-बार कहा जा चुका है। मैं एक बात कहना चाहता हूं। श्री दिलीस सिंह जुदेव जी ने टीवी पर कहा -'खुदा की कसम, पैसा खुदा नहीं है, लेकिन खुदा से कम भी नहीं है।' रामभक्त पैसे को खुदा बतायें और उसकी डिफैंस में प्रधान मंत्री जी आयें। आप पूछेंगे - कहां कहा गया था? उन्होंने यहां सदन में इस बात को कहा था। उन्होंने कहा कि ये आरोप गलत हैं। यह साबित करना होगा कि किसने मूवी बनाई और किस कारण से बनाई। सवाल यह नहीं था, सवाल यह था कि मंत्री बिक सकते हैं और उस काम के लिए बिक सकते हैं, जिस काम का उनको अधिकार नहीं है। उनके पास अधिकार नहीं है कि वे किसी को फायदा दे सकें। घोटालों की इस प्रकार की हालत हो गई है। इसी प्रकार एक घोटाला हाल ही में हुडको से संबंधित आया है। In one day alone Rs. 500 crore worth loans were given. Rs. 55 crore were written off in one case. ऐसा क्यों हुआ, इस बारे में सरकार जानती है।

महोदय, कहा जा रहा है कि इस सरकार ने हर वर्ग के लिए बहुत कुछ किया है। यह भी कहा जा रहा है कि सरकार रेट आफ इन्टरैस्ट बहुत कम कर दिया है। मैं आपसे पैंशन्स की स्थिति के बारे में जानना चाहता हूं। पैंशनर्स, जिनकी आमदनी का साधन ग्रेच्युटी या बैंक में जमा पैसा होता है, उनके साथ क्या हुआ है। मैं पूछता हूं, आपने उनके लिए कुछ किया है? People of the world have faith in the Government led by Shri Atal Bihari Vajpayee. This is what was said. मैं उसी फेथ का जिक्र करना चाहता हूं। देश में नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट(7वा इशू) लाया गया। इस विश्वास के साथ लोगों ने खरीदा कि सरकार इसको बेच रही है और छः वर्ा के बाद दस हजार रुपए के 20 हजार रुपए मिलेंगे। लोगों ने इन सर्टिफिकेट्स को खरीद लिया। जब वे छः साल के बाद 20 हजार रुपए लेने के लिए गए, तो डाकखाने वालों ने पैसा देने से मना कर दिया। हम नहीं दे सकते हैं। अगर आपको दस हजार रुपए ले जाने हैं, तो ले लीजिए। कारण यह कि सर्टिफिकेट आपने अपने नाम में नहीं खरीदे फर्म के नाम में खरीदे हैं। Whose fault is this? Is this the fault of the purchaser? The purchaser who had implicit faith in this Government, and going by the Government's assurance, had bought this. नोट चाहे एक रुपया का हो या पांच सौ रुपए का, सब पर लिखा होता है - I promise to pay the bearer so much of rupees. सरकार का वायदा होता है और लोग मानते हैं कि सरकार सच कह रही है । इतना होने पर भी सरकार ने उन सर्टिफिकेट्स को ऑनर नही किया। आज के दिन सरकार यह विश्वसनीयता है।

MR. CHAIRMAN: Ten more hon. Members are to speak. Mr. Deputy-Speaker told me that each Member can take only five minutes. I have given you more time.

श्री पवन कुमार बंसल : महोदय, मैं जल्दी अपनी बात समाप्त करूंगा। The Government can neither pause nor cease - यह विश्वास देश की जनता को दिलाया जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं - सरकार देश में कब थी और कैसी थी, सरकार देश में कब चली है। For the first time, we have seen a helpless Prime Minister for whom decisions are taken in the State Capitals elsewhere. यह पहली बार किया जा रहा है कि यह पोर्टफोलिया उसको मिलेगा और वहां जाकर काम करिए। यह काम पहली बार हुआ है। No, we have always come to their assistance. Even today we are coming to their assistance, though we were not happy with the way the Session was called. But we thought it is our responsibility to help this Government. If they want to pass the Vote on Account, we are there with them.

But we have got to point out all their failings, criminal failings at times, which have led the country to the path of doom. I would like to say this.

Now, I come to the philosophy of this Government. यहां बार-बार एक बात कही गई कि हमने सर्विसमैन को प्रौक्सी वोट राइट दिया। It has been their consistent demand that they should be given one-rank one-pension; that there should be collateral entry for the retiring people from the Armed Forces in the civil forces, in the civil services and para-military forces of an equivalent rank. This is their justified demand for the simple reason that retirement in the Armed Forces comes very early. I know of this. All of us know that people retire from the Armed Forces with their children still going to schools; their education is not complete and they are not married. They are on the roads. What has this Government done for them, for the students?

MR. CHAIRMAN : Please conclude. You have taken enough time.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : I must accept your directive. I must really conclude now. I want to say a few words.

मैं एक बात कहना चाहता हूं। बार-बार जिक्र किया जा रहा है कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी सब के लीडर हैं। मैं उनकी इज्जत करता हूं। मैं जब से पार्लियामैंट में आया हूं, मैंने देखा कि वह हाउस में बहुत संजीदगी के साथ बैठते हैं। ऑपोजिशन पार्टी के लोग भाग कर आगे आ जाते हैं लेकिन हमने पहली बार रूलिंग पार्टी के मैम्बर्स को आसन के नजदीक आते देखा। जो कुछ इनके राज में हुआ, जो घोटाले हुए, जिस तरह की गवर्नेंस रही, मैं एक बात कह देना चाहता हूं कि आज देश को नौजवानों की जरूरत है। नौजवानों के आगे बढ़ने की जरूरत है। Somebody who must really understand their aspirations and their yearnings should be there. A person of 80 years of age cannot. It will be extremely dangerous if virtue is used as a shield by the con man, by those people who angle and intrigue, who indulge in all sorts of things, who only say that here is a man we are standing behind him. That is not what the spirit of democracy is. For the spirit of democracy to

succeed, we must do something. It is because of the success of democracy in India that Pakistan wants to talk to us, not because of Shri Atal Bihari Vajpayee.

I happened to go there in a Parliamentary Delegation myself. The BJP declined to send its Members only six months back. They said that they have nothing to do with those people. It is the other forces and other factors that make them come closer. It is the Indian democracy which makes them come closer to us. The people of Pakistan wanted that. This is no denying the fact. But you must really realise that to strengthen democracy, you have got to have a democratic temper. That is what is lacking in you. It is because of this that you have called for the early elections. By calling for the early elections, you have actually pleaded for euthanasia and mercy killings (*Interruptions*) I am sure that the people of India would grant that to you.

MR. CHAIRMAN: Now, each Member will have five minutes to speak. There are ten more hon. Members to speak. By Six of the Clock, the discussion should be over.

श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार) : माननीय सभापति महोदय, आपने बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। महोदय, आज अंतरिम बजट पर चर्चा हो रही है। माननीय सदस्य अल्वी साहब यहां नहीं हैं। वह बहुत अच्छा बोलते हैं। मैं उनकी इज्जत करता हूं। वह कह रहे थे कि इस सरकार पर गुजरात में बेगुनाह लोगों के कत्ल के खून लगे हैं और यह सरकार गुनाहगार हैं। उस समय मेरे मस्तिक में एक प्रश्न उठ रहा था कि ठीक है, अगर उनके अनुसार भाजपा की सरकार पर गुजरात में मारे गए लोगों का खून लगा है तो क्या आपकी पार्टी ने वही खून भरे हाथ अपने सिर पर रख कर मुख्यमंत्री पद नहीं सम्भाला था? उस समय क्या स्थिति थी? उसके बाद आप सभी कामों का समर्थन करते रहे। क्या यह आपके चरित्र का द्योतक नहीं है? एक कवि का बहुत अच्छा कहना है कि -

17.00 hrs.

'पहली सीख यही जीवन की, अपने को आबाद करो,

और मन की दुनिया बन न सके तो आग लगाकर बर्बाद करो'

अगर आपके सिर पर हाथ पड़े तो पाक है और अगर आपके सिर से हाथ हट जाये तो वह नापाक है। यह दोहरे चरित्र वाला मापदंड नहीं होना चाहिये। हालांकि बदकिस्मती से भारतीय राजनीति में इस प्रकार का चरित्र चल रहा है।

सभापति महोदय, मैं अपने मित्र और साथी श्री अखिलेश जी को सुन रहा था। वे प्रोफैसर और विद्वान हैं। वे सदन की कार्यवाही में काफी हिस्सा लेते हैं और बहुत अच्छा बोलते भी हैं। वे कह रहे थे कि इस सरकार के समय में डीजल और पेट्रोल की कीमतों में जितनी वृद्धि हुई है, उतनी किसी सरकार के समय में नहीं हुई है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा कि यदि वे 1982 की लोक सभा की प्रोसीडिंग्ज पढ़कर देखेंगे तो उन्हें मालूम होगा कि दिल्ली शहर में 1.4.82 को किरोसिन ऑयल का दाम 1.77 रुपये प्रति लीटर जो मार्च,1984 में बढ़कर 3.10 रुपये प्रति लीटर हो गया था। इसी तरह पैट्रोल और डीजल के दाम भी उसी अनुपात में बढ़े थे। उस समय केन्द्र में किसकी सरकार थी? आपको जानकर ताज्जुब होगा कि घरेलू गैस, जिसका इस्तेमाल घर की महिलायें अपने स्वास्थ्य रक्षा और सहूलियत के लिये. करती हैं, उसकी कीमत दिल्ली शहर में 1.6.82 को 45.47 रुपये थी और एक वर्ा के बाद बढ़कर 51.35 रुपये हो गई। उसके बाद 1.4.84 से उसकी कीमत बढ़कर 82.57 रुपये हो गई। 1.4.97 से उसकी कीमत 119.95 रुपये और उसी वर्ा 1.9.97 से 136 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई। इस समय किनकी सरकारें थीं? शायद अखिलेश जी को मालूम होगा कि देश में पेट्रोल की खपत का 69 प्रतिशत विदेशों से मंगाया जाता है और जब तेल उत्पादक देश कीमत बढ़ाते हैं तो जितने तेल खरीदने वाले देश हैं, वे अपने यहां उनके दाम बढ़ाने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि इस सरकार ने कोशिश की है और देश ने तेल उत्पादन के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। अभी राजस्थान में तेल का काफी भंडार मिला है। इसके अलावा असम और गुजरात में भंडार पहले मिला है। तेल की खोज अन्य क्षेत्रो में भी की जा रही है। जब तेल प्राप्त होगा, आत्मनिर्भरता कम हो जायेगी और उस दृटि से तेल के दाम घट-बढ़ सकते हैं। यह किसी सरकार की मजबूरी का प्रतिफल है।

सभापति महोदय, फर्टिलाईजर के दाम 1986 में 2350 रुपये एक मीट्रिक टन के लिये थे जो 1991 में बढ़कर 3300 रुपये प्रति मीट्रिक टन हो गये। उन दिनों केन्द्र में किसकी सरकार थी? अखिलेश जी गन्ना किसानों के लिये काफी आंसू बहा रहे थे । यह सही है कि गन्ना किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। गन्ना किसान, जो गन्ना सप्लाई करते हैं, उसका भुगतान उन्हें वर्ाों तक नहीं मिलता। यह परेशानी आज की नहीं है, वर्ाों से चल रही है। बिहार में 1947 में 30 गन्ना फैक्ट्रियां थीं जो 1991 तक आते-आते 15 रह गई और आज मात्र 13 बची हैं। यह सब किस सरकार के समय में हुआ? क्या यह बात सही नहीं है कि 1996 में हजारों गन्ना किसानों ने अपनी गन्ने की फसल को जला दिया था, क्या यह सही बात नहीं कि कि 1997 में लाखों मीट्रिक टन आलू सड़कों पर सड़ गया था? इसे खरीदने वाला कोई नहीं था और उसकी कोई व्यवस्था नहीं थी।

इन वर्ाों में किसकी सरकारें थी, इसलिए जब आप कुछ बोलें तो अपने आइने में झांककर बोला करें, वरना आलोचना करना बड़ा आसान होता है और आचरण करना बड़ा कठिन होता है।

सभापति महोदय, कुंवर अखिलेश सिंह सुझाव दे रहे थे। मैं उनके सुझाव को मानता हूं, लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अखिलेश जी हम लोग बरसों साथी रहे हैं, आपकी और हमारी पार्टी बरसों-बरस तक साथ रही हैं। हम हर सुख-दुख के साथी रहे हैं। सुख की घड़ी में हमने खुशी मनाई है और दुख की घड़ी में हमने एक-दूसरे को तसल्ली बख्शी है। क्या आप इस बात को भूल सकते हैं। अखिलेश जी, यहां नहीं हैं, रघुवंश बाबू भी यहां से चले गये हैं, लेकिन जो दूसरे समाजवादी साथी यहां बैठे हैं, मैं उन्हें एक सलाह देना चाहता हूं कि अगर आप कांग्रेस से गठजोड़ करना चाहते हैं तो जरूर करें, लेकिन मेरी एक सलाह जरूर मान लें कि गठजोड़ करने से पहले कांग्रेस की अग्नि परीक्षा जरूर लेना और उससे पूछ लेना कि फिर वह सोने के मृग को देखकर प्रलोभित तो नहीं हो जायेगी, नहीं तो फिर आपको जंगल में भटकना पड़ेगा।

सभापति महोदय, मैं माननीय सोनिया जी को सुन रहा था। वह प्रतिपक्ष की नेता है, सम्मानित हैं, मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। जब वह बोल रही थीं तो मुझे लग रहा था कि कल 13वीं लोक सभा समाप्त होने वाली है और अब सभी को चुनाव में जाना है। कांग्रेस पार्टी को भी चुनाव में जाना है। कांग्रेस पार्टी एक बड़ी पार्टी है, 150 वर्ा पुरानी पार्टी है। इसे लम्बे समय तक देश को चलाने का अवसर मिला है और आज यह विकल्प की पार्टी बनने जा रही है, लेकिन विकल्प बनाने के लिए सोनिया जी नगरी, नगरी, द्वारे-द्वारे ढूंढे रे सांवरिया, वह हर जगह विकल्प के लिए अपने पार्टनर्स को खोज रही हैं। निश्चित तौर पर लोकतंत्र में टू पार्टी सिस्टम होने के लिए, दो पद्धति सरकार होने के लिए यह जरूरी है कि मजबूत विकल्प बने। मैं सोच रहा था कि जब वह बोलेंगी तो एक तरफ इस सरकार की आर्थिक नीतियों की भर्त्सना करेंगी, इसकी त्रुटियों का उल्लेख करेंगी और इसके विकल्प के बारे में बतायेंगी कि उनकी आगे की क्या योजना है। किस योजना को साथ में लेकर आप देश के सामने जाना चाह रही हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगा कि जैसे कोई आम सभा में भाण हो रहा है। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा। मैं तो विकल्प खोज रहा था।

सभापति महोदय : श्री प्रबोध पांडा।

श्री रामजीवन सिंह : सभापति महोदय, मैं बहुत जल्दी अपनी बात समाप्त कर दूंगा। अब हमारे जनता दल (यू.) और समता पार्टी को मिलाकर हमारी काफी संख्या हो गई है, इसलिए हमें और समय दिया जाए। वह कह रही थीं कि यह सरकार...

MR. CHAIRMAN : No, no. It has been decided to give five minutes to each Member.

SHRI RAMJIVAN SINGH : Sir, I do realise your difficulty.

MR. CHAIRMAN : Now you conclude.

SHRI RAMJIVAN SINGH : I would conclude in two or three minutes.

MR. CHAIRMAN : You have already taken more time.

श्री रामजीवन सिंह : यह ठीक है, लेकिन अब दल की स्ट्रैन्थ के हिसाब से समय ज्यादा देना चाहिए। मैं आपकी डिफिकल्टी समझता हूं। मैं कह रहा था कि 31 मार्च तक देश के सभी किसानों को क्रेडिट कार्ड्स देने का संकल्प क्या किसान विरोधी है?, क्या किसानों को नौ परसेन्ट से कम की दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना किसान विरोधी है ?, क्या सम्पूर्ण देश में किसानों के लिए अब गोदाम बनाने की व्यवस्था करना किसान विरोधी है ? सम्पूर्ण देश में रेलों के माध्यम से किसान उत्पादित जिंसों को समय पर पहुंचाना, क्या यह किसान विरोधी है। इस तरह से जो सभी कार्य किये जा रहे हैं, क्या ये किसान विरोधी हैं?

